Daily
लोकसभा चुनाव - 2024
सच के हक में...
THE PHOTON NEWS
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Sunday, 26 May 2024 ● Year : 02 ● Issue : 127 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SHARE

सेंसेक्स	:	75,410.39
निफ्टी	:	22,957.10

SARAFA

सोना	:	6,755
चांदी	:	96.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

गेमिंग जोन में लगी भीषण आग, 24 लोगों की मौत

GUJARAT : गुजरात के राजकोट स्थित एक गेमिंग जोन में भीषण आग लगने से बच्चों समेत 24 लोगों की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने बताया, दोपहर में टीआरपी गेमिंग जोन में आग लग गई। आग को नियंत्रण किया गया। हम यथासंभव अधिक से अधिक शव निकालने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक, लगभग 24 शव बरामद किए गए हैं। गेमिंग जोन का स्वामित्व युवराज सिंह सोलंकी नामक व्यक्ति के पास है। हम लापरवाही के लिए मामला दर्ज करेंगे। आगे की जांच तब होगी जब हम यहां बचाव अभियान पूरा कर लेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने ट्वीट कर हादसे पर दुख जताया। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, राजकोट में गेम जोन में आग लगने की घटना में नगर निगम और प्रशासन को तत्काल बचाव और राहत कार्य के निर्देश दिए गए हैं। घायलों के तत्काल इलाज की व्यवस्था को प्राथमिकता देने का भी निर्देश दिया गया है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी आईवी खेर ने कहा, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं करेंगे : ईसी

NEW DELHI : चुनाव आयोग ने शनिवार 25 मई को कहा कि वोटर टर्नआउट डेटा जारी करने में देर नहीं की जाएगी। चुनाव में कितने वोट पड़े, कोई भी इस डेटा को बदल नहीं सकता। कुछ लोग चुनाव प्रक्रिया को खराब बताने के लिए गलत नैरेटिव फैला रहे हैं। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया, जिसमें फॉर्म 17 सी डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार किया था। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने दिल्ली में एक पोलिंग बूथ पर वोट डाला। इस दौरान उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर बात की, जिसमें चुनाव आयोग के फॉर्म 17सी डेटा और बूथ-वाइज वोटर टर्नआउट पब्लिश करने को लेकर कोई भी निर्देश देने से इनकार कर दिया है।

ताइवान को चीन ने दी जंग की धमकी

NEW DELHI : ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था। ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई।

लोस चुनाव 2024 : 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर डाले गए वोट

छठे चरण में 58.82 प्रतिशत हुई वोटिंग

AGENCY NEW DELHI : लोकसभा चुनाव के छठे फेज में शनिवार को 7 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। चुनाव आयोग के मुताबिक, शनिवार को 58 सीटों पर शाम 6 बजे तक 58.82% वोटिंग हुई है। सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 78.19% और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 51.41% मतदान हुआ। राष्ट्रीय राजधानी के अलावा उत्तर प्रदेश की 14, हरियाणा की सभी 10, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, ओडिशा की छह, झारखंड की चार और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर शनिवार को मतदान कराया गया। इसके अलावा ओडिशा की 42 विधानसभा सीट पर भी मतदान हुई। इस चरण में 11.13 करोड़ से अधिक लोग मतदान के पात्र थे। जिनमें 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5,120 'तृतीय लिंगी' मतदाताओं की संख्या थी। पांच फेज में 429 सीटों पर मतदान हो चुका है। 1 जून को आखिरी 56 सीटों पर वोटिंग होगी। पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा उम्मीदवार प्रणंत टुडू पर हमला हुआ। पत्थर लगने से उनका सुरक्षाकर्मी घायल हो गया। मतदाताओं को धमकाए जाने की शिकायत मिलने के बाद टुडू गरबेटा में एक बूथ का दौरा कर रहे थे। प्रणंत टुडू की कार में भी तोड़फोड़ की गई है। भाजपा ने टीएमसी पर हमले का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग ने इस पर कहा- वोटिंग शुरू होने से पहले कैंडिडेट के एजेंट साइन करते हैं। इन सेंटर्स पर टीएमसी के एजेंट मौजूद नहीं थे, इसलिए सिर्फ बीजेपी एजेंट्स के साइन हैं। पश्चिम बंगाल के तमलुक में वोटिंग से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक टीएमसी समर्थक घायल हो गया। यहां से कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज भाजपा के प्रत्याशी हैं। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी से पीडीपी की प्रत्याशी महबूबा मुफ्ती धरने पर बैठ गईं। उन्होंने ईवीएम के साथ छेड़छाड़ और मोबाइल फोन का आउटगोइंग कॉल बंद करने का आरोप लगाया है। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा 40, बसपा 4, बीजेडी 4, सपा 1, जदयू 3, टीएमसी 3, एलजेपी और आजसू ने 1-1 सीट जीती थीं।

रांची में मतदान के कतारबद्ध मतदाता।

सोनिया और राहुल गांधी ने डाला वोट



NEW DELHI : कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष व कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली में मतदान किया। इनके साथ कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और राबर्ट वाड्रा ने भी अपना वोट डाला। नई दिल्ली मतदान केंद्र पर प्रियंका वाड्रा अपने बेटे रेयान राजीव वाड्रा और बेटी मिराया वाड्रा के साथ देखे गए। राहुल गांधी ने कहा कि मां और मैने लोकतंत्र के इस महापर्व के लिए वोट डालकर योगदान किया।

धोनी ने परिवार के साथ किया मतदान

RANCHI : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने शनिवार को परिवार के साथ रांची के श्यामली कॉलोनी स्थित जेवीएम स्कूल स्थित मतदान केंद्र में मताधिकार का प्रयोग किया। महेंद्र सिंह धोनी ने पिता पान सिंह धोनी, मां देवकी देवी, पत्नी साक्षी धोनी और भाई नरेंद्र सिंह धोनी के साथ श्यामली कॉलोनी के जेवीएम स्कूल के बूथ नंबर 318 पर मतदान किया। हालांकि, मतदान करने के बाद बाहर निकलने पर उन्होंने किसी से कोई बात नहीं की।

कल्पना सोरेन ने भी की वोटिंग

RANCHI : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधानसभा की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने रांची के संत फ्रांसिस स्कूल में शनिवार को मतदान किया। सोरेन अपने पुत्र के साथ मतदान केंद्र पहुंची थी। लोगों के साथ पंक्ति में लगकर अपनी बारी का इंतजार किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद लोगों से भी बातचीत की। मतदान करने के बाद बाहर निकलने पर संवाददाताओं से बातचीत की।

झारखंड में चार सीटों के लिए मतदाताओं ने डाले वोट

रांची लोस सीट	जमशेदपुर लोस सीट	गिरिडीह लोस सीट	धनबाद लोस सीट
61.34 प्रतिशत मतदान	66.79 प्रतिशत वोटिंग	66.72 प्रतिशत मतदान	59.20 प्रतिशत वोटिंग

रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद सीट पर 61.41% मतदान

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत झारखंड में चार लोकसभा सीट पर शाम पांच बजे तक 61.41 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर निर्वाचन क्षेत्रों में सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ था, जो शाम पांच बजे तक चला। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जमशेदपुर में सबसे अधिक 66.79 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद गिरिडीह में 66.72 प्रतिशत, रांची में 61.34 प्रतिशत और धनबाद में सबसे कम 59.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राज्य में इस चरण में 93 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। रांची से कुल 27, धनबाद और जमशेदपुर से 25-25 और गिरिडीह से 16 उम्मीदवार मुकाबले में हैं। इस चरण में 40.09 लाख महिला मतदाताओं सहित लगभग 82.16 लाख मतदाता इन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिये पात्र हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सभी 8,963 मतदान केंद्रों पर करीबी नजर रखी जा रही है। इस चरण में लगभग 36,000 चुनाव कर्मियों को तैनात किया गया है। रांची लोकसभा सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की बेटी एवं कांग्रेस नेता यशस्विनी सहाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद संजय सेठ के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। बाघमारा से भाजपा के विधायक ढुलु महतो और बेरमो से कांग्रेस के विधायक कुमार जयमंगल की पत्नी अनुपमा सिंह के बीच धनबाद में सीधा मुकाबला है। जमशेदपुर में, भाजपा के मौजूदा सांसद विद्युत बरन महतो और झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के बहरागोरा से विधायक समीर मोहंती के बीच भी सीधी लड़ाई है। गिरिडीह में ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (एजेएसयू) पार्टी के चंद्र प्रकाश चौधरी का मुकाबला टुंडी से झामुमो के विधायक मथुरा महतो से है।

एनडीए और 'इंडिया' के बीच मुकाबला

28 मई को पूछताछ के लिए बुलाया

मनीष रंजन को ईडी ने भेजा दूसरा समन

PHOTON NEWS RANCHI : आईएएस मनीष रंजन को ईडी ने दोबारा समन भेजकर 28 मई को उपस्थित होने को कहा है। इससे पहले झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव व वर्तमान में राजस्व व भवन निर्माण विभाग के सचिव मनीष रंजन शुक्रवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे थे। उन्हें दिन के 11 बजे ईडी ऑफिस में उपस्थित होना था, लेकिन इससे पहले राजस्व विभाग के एक कर्मचारी को विशेष दूत के तौर पर भेज मनीष रंजन ने तीन सप्ताह के समय की मांग की थी। उन्होंने ईडी को इस संबंध में एक पत्र भेजा था। मनीष का पत्र मिलने के बाद ईडी ने दिल्ली मुख्यालय को जानकारी दी थी। ईडी ने इस मामले में तीन सप्ताह का वक्त नहीं देने का फैसला लिया था।

खास बातें

- पहले समन पर नहीं हुए थे हाजिर
- प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का हवाला देकर तीन हफ्ते का मांगा था समय
- ईडी का दावा- मंत्री से अधिकारी तक लेते थे टेंडर में कमीशन

बंगाल में 135 किमी तक हो सकती चक्रवात रेमल की गति, अलर्ट जारी

KOLKATA : बंगाल की खाड़ी में बन रहा चक्रवाती तूफान 'रेमल' 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दस्तक दे सकता है। यह 135 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रफ्तार पकड़ सकता है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी है। बताया गया है कि 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी बारिश होगी। पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में 27-28 मई को अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। तूफान के दस्तक देने के समय समुद्र में 1.5 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है, जिससे तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाके डूब सकते हैं। इसलिए मौसम विभाग की ओर से राज्य सरकार को तटवर्ती क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने मछुआरों को 27 मई की सुबह तक बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग में समुद्र में न जाने का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 26 और 27 मई यानि रविवार और सोमवार को पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

प्रधानमंत्री ने पटना में रामकृपाल यादव के समर्थन में की जनसभा

पीएम मोदी बोले- 'इंडी' गठबंधन के पास काम नहीं, देशवासियों ने कर दी है छुट्टी

AGENCY PATNA : शनिवार को एक और बिहार में छठे चरण का चुनाव चल रहा था तो दूसरी और अंतिम चरण के चुनाव के लिए पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां 1 जून को वोटिंग होनी है। प्रधानमंत्री यहां से भाजपा के उम्मीदवार रामकृपाल यादव के लिए जनता से समर्थन मांग रहे थे। पाटलिपुत्र संसदीय लोकसभा क्षेत्र के बिक्रम प्रखंड स्थित कृषि भवन में जनसभा को पीएम ने संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि एकतरफ 24 घंटे झूठ बोलने वाला 'इंडी' गठबंधन है तो दूसरी तरफ आपके लिए मोदी है, जो 24 घंटे सातों दिन देश की सुरक्षा बढ़ाने में और देश को आत्मनिर्भर बनाने में जुटा है।

चुनावी जनसभा में जनता का अभिवादन स्वीकार करते पीएम नरेंद्र मोदी।

एक ही घर में रोशनी करता है लालटेनिया

पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत करते हुए कहा कि ये धरती स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की विरासत है। पीएम मोदी के लिए बीच में ही जमकर नारे लगने लगे। जिसके बाद पीएम ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि आपलोग मनेर के लड्डू खाकर आए हो। मनेर का लड्डू मशहूर तो है लेकिन लग रहा इसकी ताकत भी काफी अधिक है। पीएम ने 4 जून के लिए लड्डू तैयार रखने की बात कही। पीएम मोदी ने राजद पर हमला करते हुए कहा कि यहां ऐसा लालटेनिया है जो सिर्फ एक ही घर में रोशनी करता है। इतिहास देख लीजिए। इस लालटेनियों ने बिहार में अंधेरा ही अंधेरा फैलाया। पीएम ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं जबतक मोदी जिंदा है, एससी, एसटी, पिछड़ों के हक को छीनने नहीं दूंगा। मोदी के लिए बाबा साहेब अंबेडकर की भावना और संविधान सर्वोपरि है।

मोदी ने अग्निपथ योजना थोपकर युवाओं के साथ किया धोखा : राहुल गांधी

NEW DELHI : शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अग्निपथ योजना जबरदस्ती थोपकर उन युवाओं के साथ धोखा किया है जो सेना में भर्ती होने का सपना देखते हैं। उन्होंने एक टेम्पो पर कुछ ऐसे युवाओं से बातचीत का वीडियो एक्स पर साझा किया जो सेना में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन अग्निपथ योजना लागू होने के कारण उनका सपना पूरा नहीं हो सका। राहुल गांधी ने कहा, देशभक्ति के टेम्पो में सवारी के दौरान युवाओं की पीड़ा को और करीब से जाना।

चिंताजनक पिछले 10 सालों में सामने आए 65 हजार मामले, 4.69 लाख करोड़ रुपये का हुआ घोटाला

साइबर क्राइम में घुसा डिजिटल हाउस अरेस्ट का तरीका

AGENCY NEW DELHI : यह अत्यंत चिंताजनक है कि देश में साइबर क्राइम के मामले तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। लोगों को निशाना बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजे जा रहे हैं। धोखाधड़ी के लिए एक नया तरीका डिजिटल हाउस अरेस्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट से पता चला है कि 2023 के दौरान देश में 30 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी हुई। हाउस अरेस्ट में नकली पुलिस स्टेशन, सरकारी कार्यालय स्थापित करने और ईडी जैसी वर्दी पहनने जैसे हथकंडे भी अपनाए जा रहे हैं। पिछले एक दशक में, भारतीय बैंकों ने धोखाधड़ी के 65,017 मामलों की सूचना दी है, जिसके कारण कुल 4.69 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। साइबर अपराधी बेखबर लोगों को धोखा देने के लिए यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, ओटीपी, जॉब और डिलीवरी स्कैम सहित कई तरह के तरीके अपनाते हैं।

गिरफ्तारी का भी किया जाता है नाटक

साइबर ठगी में अपराधी पीड़ित को गिरफ्तार करने का नाटक भी कर सकते हैं। वे नकली पुलिस स्टेशन या सरकारी कार्यालय स्थापित करने और सरकारी वर्दी पहनने जैसे तरीके भी अपनाते हैं। इसे डिजिटल गिरफ्तारी कहा जाता है। डिजिटल गिरफ्तारी का सबसे पहला मामला उत्तर प्रदेश के नोएडा में दर्ज किया गया। यहां पिछले साल दिसंबर में एक व्यक्ति को मनगढ़ंत मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाया गया। अपराधियों ने पीड़ित के सामने खुद को सीबीआई के आईपीएस अधिकारी और बंद हो चुकी एयरलाइन के संस्थापक के रूप में पेश किया।

केस नबंर 1 जयपुर के व्यापारी ने गंवाए 50 लाख

राजस्थान के जयपुर के बजाज नगर में रहने वाले एक व्यापारी के पास 16 अप्रैल को एक फोन आया। सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि वो दिल्ली एयरपोर्ट से बोल रहा है। आपके द्वारा चाइना भेजे जा रहे पार्सल में 300 ग्राम हेरोइन, फर्जी पासपोर्ट व 15 सिम कार्ड मिले हैं। इस दौरान पीड़ित ने बताया कि उसने कोई पार्सल नहीं भेजा। कुछ समय बाद खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बता रहे व्यक्ति ने वेरिफिकेशन के लिए आधार कार्ड मंगवा लिया। जांच के बाद व्यापारी के आधार कार्ड से 9 राज्यों में बैंक अकाउंट खोलना बताया गया।

केस नबंर 2 महिला प्रोफेसर से ठगे 7.67 करोड़

राजस्थान के झुंझुनूं जिले की एक महिला प्रोफेसर को साइबर ठगों ने तीन महीने तक ऑनलाइन मॉनिटरिंग में रखा। इस दौरान महिला प्रोफेसर से हर दो घंटे में रिपोर्ट मांगी गई कि वह किन लोगों से मिल रही है और कहां जा रही है। ठगों ने जगह के वेरिफिकेशन के लिए सेल्फी भी मांगी। महिला को आरोपियों ने डिजिटल वेरिफिकेशन के नाम पर धमकाया और पूरी संपत्ति अटैच करने की कहानी रच डाली। आरोपियों ने तीन महीने में महिला से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 7.67 करोड़ रुपए ठग लिए।

देश के पहले सर्जिकल रोबोट ने कार्डियक सर्जरी कर रचा इतिहास

NEW DELHI : एसएस इनोवेशन्स द्वारा निर्मित 'मेड-इन-इंडिया' सर्जिकल रोबोट सिस्टम एसएसआई मंत्रा ने सफलतापूर्वक 100 रोबोटिक कार्डियक सर्जरी पूरे कर इतिहास रच दिया है। इस तकनीक के साथ अब तक एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास, आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन, माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट और द्विपक्षीय आंतरिक स्तन धमनी टेकडाउन जैसी सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया है। शनिवार को कंपनी के एसएस इनोवेशन के अध्यक्ष और सीईओ डॉ। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि एसएसआई मंत्रा के साथ इस मील के पत्थर तक पहुंचना एसएस इनोवेशन के रणनीतिक बाजार विस्तार में एक और मील का पत्थर है। हमारा मकसद रोबोटिक सर्जरी के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि एसएसआई मंत्रा की डिजाइन इसे जटिल हृदय संबंधी सर्जरी करने में सक्षम बनाती है।

छत्तीसगढ़ में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

बीजापुर में 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर, इनमें 2 महिलाएं

AGENCY BIJAPUR : शनिवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में दो महिलाओं सहित 33 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया। इनमें से तीन नक्सलियों पर कुल पांच लाख रुपये का नकद इनाम है। बीजापुर जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि नक्सलियों ने जिले के वरिष्ठ पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और 'खोखली' माओवादी विचारधारा से निराश हैं तथा वे पुलिस की पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं। बता दें कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 कैडर में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जो माओवादियों की गंगालूर क्षेत्र समिति के तहत विभिन्न शाखाओं और संगठनों में सक्रिय थीं।

- तीन नक्सलियों पर कुल पांच लाख रुपये का रखा गया है नकद इनाम

कविता

अविनाश कुमार सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ

नदी सी वह

रोज की तरह आज भी
मुंह अंधेरे जगी है वह
बिन खटके घरौंदा संवार रही सुबह से
मंदिर की घंटी में भर आई है दुआओं की टिनटुन
और, ईश्वर के माथे पर धर आई है कत्थई तिलक
उसने रूई के बिखरते फाहों को चुटकी में पकड़
गोल कर दिया है पृथ्वी की तरह
और आंखों के नेह से पृथ्वी को सींच रही है
मोगरे की सुगंध उसकी सांसों से उतर
समाती जा रही है घर में
समय की अनगिन परतें पार कर गई वह
बिन थके।

आज भी रसोई में उसी के कदम तरंगित हैं
रख आई है पहला निवाला आज भी बाहर अलंगी पर
धूप और हवा से अनकहे रिश्ते के भरोसे के लिए
कि उसे खयाल है भरोसे का
उसे चिड़िया के रंगीन होते पंखों की सुध है
मालूम है चूजे की भूख की परिधि
वह त्रिकाल में दौड़ती है
बिन रुके।

उसे पता है कि कब धरती अधिक उर्वर होती है
धान और गेहूं को बरतने का सही सलीका भी
जानती है
बादलों के रंगढंग बूझती है वह
अक्षरों के खूब भीतर धंसकर निरक्षर बनी है
उसे शब्दों के असर की भी समझ है
नदी सी वह
एक मद्धिम मुस्कान ओढ़े बह रही है युगों से
बिन कहे।

निशि कुमारी ओझा
जमशेदपुर

उदंत मार्तण्ड

उदंत हुआ मार्तण्ड हिंदी पत्रकारिता के गौरव का
पंडित जुगल किशोर शुक्ल की परिकल्पना से
मानों सोया भाग्य जाग उठा कर्मठ, देश अनुरागी,
भारत के कलमकार वीरों का।

कलकत्ता से क्रांति का किया शंखनाद
तोड़ने को तंद्रा कलम के सिपाही, कलम के
मजदूरों का
बताने को क्रांति का महत्व
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र निकाला
कई परेशानियां, झेलकर मुसीबतें भारतीयों को
स्वतंत्रता आकांक्षी अखबार पढ़ाया।

कड़ी धूप की तपिश, बारिश के छींटे, सर्दी की
ठिठुरन या मौसम के थपेड़े, विचलित करते नहीं एक
पत्रकार को कि खोए वह धैर्य अपना या फिर
कर्तव्य से अपने वह मुंह मोड़े।

विचारों की क्रांति लाकर, देशभक्ति की अलख
जगा कर
आजीवन मार्गदर्शक बनकर पत्रकारों का
और बनकर हिन्दी पत्रकारिता का सूर्य
'उदंत मार्तंड' अपने 'अस्ताचल' को आया।

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

SCAN ME

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

शिव की जादुई दुनिया और एक करोड़ श्रापित देवता

घुमक्कड़ की पाती ऐतिहासिक घटनाओं ने अगरतला के आज के स्वरूप को बनाने में योगदान दिया है और जो पर्यटक यहां अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं, वे अक्सर शहर के इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और अन्य उल्लेखनीय पहलुओं के बारे में बहुत कुछ सीखकर लौटते हैं।

संजय शेफर्ड
नई दिल्ली



उनाकोटी के शैल चित्र

भारत में ऐसी जगहों की कोई कमी नहीं, जिनकी बनावट और सुंदरता हमें अचंभित करती हो। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित उनाकोटी एक ऐसी ही जगह है। अगरतला एक बहुत ही अच्छा और लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। इस जगह की प्राकृतिक सुंदरता और व्यापक इतिहास लोगों को अपनी तरफ खींचता है। त्रिपुरा राज्य की राजधानी के तौर पर भी इसकी अपनी एक बहुत ही विशिष्ट पहचान है। इस जगह के इतिहास को खंगालने पर पता चलता है कि यह कई प्रसिद्ध राजवंशों का गवाह रहा है और जब यह ब्रिटिश शासन के अधीन था, तो इसे शाही राज्य के रूप में जाना जाता था। इन ऐतिहासिक घटनाओं ने अगरतला के आज के स्वरूप को बनाने में योगदान दिया है और जो पर्यटक यहां अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं, वे अक्सर शहर के इतिहास, संस्कृति, रीति-रिवाजों और अन्य उल्लेखनीय पहलुओं के बारे में बहुत कुछ सीखकर लौटते हैं। हावड़ा नदी के तट पर स्थित अगरतला पर्यटन स्थल कई अन्य पर्यटन स्थलों से अलग है, क्योंकि यह सेवन सिस्टर्स राज्यों में से एक है।

इस जगह पर जब पहुंचा, तो मुझे गोंडचेरा वन्यजीव अभयारण्य, रोवा वन्यजीव अभयारण्य, नीरमहल और कमला सागर के बारे में तो पता था, लेकिन उनाकोटी के बारे में बिलकुल भी नहीं पता था। लेकिन इस जगह के बारे में मुझे टुकड़ों-टुकड़ों में जानने का अवसर मिला, तो लगा कि क्यों न इस जगह पर चला जाए। मैंने अगरतला से उनाकोटी के लिए टैक्सी बुक की और तकरीबन चार-पांच घंटे की राइड के बाद इस जगह पर पहुंचा।

शैल चित्रों और मूर्तियों का भंडार

यह स्थान काफी सालों तक अज्ञात रूप में इस जगह पर मौजूद रहा है, हालांकि अब भी बहुत लोग इस स्थान का नाम तक नहीं जानते हैं। जंगलों के बीच शैल चित्रों और मूर्तियों का यह भंडार किसी को भी आश्चर्य में डाल सकता है। एक बार इसके बारे में जान लेने के बाद कोई भी इस जगह की यात्रा करने से शायद ही खुद को रोक पाए। सच कहूं तो त्रिपुरा आने के पीछे का मेरा सबसे बड़ा आकर्षण उनाकोटी ही रहा है। भगवान शिव का यह रहस्यमयी संसार न जाने क्यों, वर्षों से मुझे अपनी तरफ आकर्षित करता रहा है। यह स्थान जितना अद्भुत है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प इसका इतिहास है।

स्थानीय लोगों की मानें, तो यहां का इतिहास पौराणिक काल की एक घटना से जुड़ा है, जिस कारण यह रहस्यमयी स्थान विकसित हो पाया। आखिर वह रहस्य है क्या? इसी बात को जानने-समझने के दौरान मुझे उनाकोटी के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल हुईं, जो इस लेख के माध्यम से मैं आप सबको बताने की कोशिश कर रहा हूं। यह जानकारी मुझे कई तरह से महत्वपूर्ण लगी तो सोचा कि इसे अवश्य साझा करना चाहिए। इस जगह के कई पहलू हैं, जिसमें से कुछ धार्मिक और पौराणिक हैं तो कुछ ऐतिहासिक और भौगोलिक। हम जैसे ही इसके बारे में जानने-समझने का प्रयास करते हैं, ये पहलू और भी ज्यादा दिलचस्प बन जाते हैं।

कोई नहीं सुलझा सका मूर्तियों का रहस्य

भौगोलिक दृष्टि से देखा जाए तो उनाकोटी एक पहाड़ी इलाका है, जो दूर-दूर तक घने जंगलों और दलदली इलाकों से भरा है। इस तरह जंगल के बीच जहां आसपास कोई बसावट नहीं थी, एक साथ इतनी मूर्तियों का निर्माण कैसे संभव हो पाया, यह आज भी शोध का विषय है। कहते हैं कि यहां कुल 99 लाख 99 हजार 999 पत्थर की मूर्तियां हैं, जिनके रहस्यों को आज तक कोई भी सुलझा नहीं पाया है।

यह मूर्तियां कब और किसने बनाई, यह किसी को नहीं पता, पर इस जगह के बारे में कहा जाता है कि एक करोड़ देवता इसी रास्ते से होकर काशी जा रहे थे और थकने के बाद इस जगह पर ठहर गए। शिव भगवान ने शर्त रखी थी कि सभी सुबह होने से पहले इस जगह को छोड़ देंगे, लेकिन देवता सुबह होने तक सोये रह गए और उन्होंने क्रोधित होकर श्राप दे दिया। इसकी वजह से सब के सब पत्थर में परिवर्तित होकर इसी जगह पर जम गए और शिव काशी चले गए।

इस जगह की सबसे खास बातों में यहां मौजूद असंख्य हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं। यहां पहुंचने पर दो तरह की मूर्तियां दिखाई देती हैं। एक पत्थरों को काट कर बनाई गईं मूर्तियां और दूसरी पत्थरों पर उकेरी गईं मूर्तियां। उनाकोटी की इस रहस्यमयी दुनिया में ज्यादातर हिन्दू धर्म से जुड़ी प्रतिमाएं हैं, जिनमें देवी दुर्गा, भगवान विष्णु, भगवान शिव और गणेश भगवान आदि की मूर्तियां हैं। इन मूर्तियों को कब, किसने और क्यों बनाया, इस बात का कोई ठोस आधार नहीं मिलता।

ऐसे नाम पड़ा उनाकोटी

इस जगह का नाम उनाकोटी कैसे पड़ा, इसके पीछे भी एक दिलचस्प कहानी है। कहा जाता है कि इन मूर्तियों का निर्माण कभी किसी कालू नाम के शिल्पकार ने किया था। मान्यता है कि यहां कालू शिल्पकार भगवान शिव और माता पार्वती के साथ देवलोक जाना जाता था, लेकिन यह मुमकिन नहीं था।

शिल्पकार की जाने की जिद के कारण शर्त रखी कि अगर वो एक रात में एक करोड़ (एक कोटि) मूर्तियों का निर्माण कर देगा तो वो भगवान शिव और पार्वती के साथ कैलाश जा पाएगा। यह बात सुनते ही शिल्पकार काम में जुट गया, उसने पूरी रात मूर्तियों का निर्माण किया। लेकिन सुबह जब गिनती हुई तो पता चला कि उसमें एक मूर्ति कम है। इस तरह वो शिल्पकार धरती पर ही रह गया और शिव देवलोक चले गए। स्थानीय भाषा में एक करोड़ में एक कम संख्या को उनाकोटी कहा जाता है। तभी से इस जंगली और दलदली इलाके का नाम उनाकोटि, फिर उनाकोटी पड़ गया।

इस जगह पर यदि आप भी जाना चाहते हैं तो आपको सबसे पहले त्रिपुरा की राजधानी अगरतल्ला पहुंचना होगा और फिर टैक्सी या फिर सार्वजनिक पर्यटन के साधनों के माध्यम से उनकोटि। उनाकोटि बहुत छोटी सी जगह है पर आपको ठहरने के लिए होटल आदि मिल जाएँगे। इस जगह के पर्यटन स्थलों के अलावा यहाँ का प्राकृतिक वातावरण और मौसम बहुत ही लाजवाब है। इस जगह पर आकर आप अपना कुछ समय शांति और सकून की तलाश में भी बिता सकते हैं।

पक्षी ■ पुराण

पैराडाईज फ्लाईकैचर : अद्वितीय सौंदर्य

राहुल सिंह
एसोसिएट प्रोफेसर, विश्व-भारती, शांति निकेतन

इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर (मादा)।

इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर (नर)।

मार्च के अंत तक इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर झारखंड के सखुआ के जंगलों में आ चुका होता है। अप्रैल से मई के बीच यह जोड़ी बना कर घोंसले के निर्माण में जुट जाता है। जून में इसके बच्चे अंडों से बाहर आ जाते हैं। जुलाई तक यह विदा ले लेते हैं। पक्षी प्रेमियों को चार महीने व्यस्त रखने के लिए यह अकेला ही काफी है। कई मामलों में यह अपने किस्म का अनूठा पक्षी है। यूं तो यह बुलबुल की ही प्रजाति का पक्षी है। इसलिए इसे शाही बुलबुल भी कहते हैं और शायद इसकी दूधिया सफेदी के कारण इसका एक नाम दूधराज भी है। इसकी एक अनूठी विशेषता नर का दो रंगों में पाया जाना है। दूधिया सफेद वाला तो निश्चित तौर पर नर होता है। लेकिन जब वह पूरी तरह से परिपक्व नहीं हुआ होता है तो एक गहरे केसरिया मिश्रित भूरेपन को धारण करता है। जब किशोरावस्था की दहलीज लांघकर वह युवावस्था में पदार्पण कर रहा होता है, तो यह केसरिया मिश्रित भूरापन सफेदी में तब्दील होना आरंभ होता है। जब वह अपने जिस्म में इन दो रंगों को एक साथ धारण किये रहता है, वह अवस्था मोल्टिंग कहलाती है। मादा केसरिया मिश्रित भूरेपन को ही धारण करती है और उसकी पूंछ इतनी लंबी नहीं होती है। मादा की तुलना में नर थोड़ा संकोची होता है। फोटोग्राफी के दौरान मनुष्यों की उपस्थिति के प्रति मादा जितनी लापरवाह होती है, उतना नर नहीं। नर हमेशा मनुष्यों की मौजूदगी को लेकर ज्यादा संवेदनशील रहता है और एक दूरी बनाये रखता है।

भारत के अलग-अलग भूभाग में इसे अलग-अलग वृक्षों पर घोंसला बनाते हुए पाया गया है। लेकिन झारखंड-बंगाल के अपने जमीनी अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि उन्हें यहां बांस और सखुआ के वृक्ष घोंसलों के लिए सर्वाधिक मुफीद लगते हैं। इनके घोंसले बया की तरह कलात्मक तो नहीं होते हैं, पर इसकी संरचना बहुत अनूठी होती है। अनूठी इस अर्थ में कि इनके आकार की तुलना में इनका घोंसला बहुत छोटा होता है। एक छोटी चाय की प्याली जितनी। इतना छोटा कि उसमें इन्हें बैठे हुए आप देख न लें, तो यकीन करना मुश्किल हो कि यह इन्हीं का है। इसके लिए वृक्ष की जिस शाखा का यह चुनाव करते हैं, वह दतुवन से ज्यादा मोटी नहीं होती है।

सुरक्षा का पूरा ख्याल

आंखों के आगे होकर भी अपनी बनक के कारण इनका घोंसला लगभग अदृश्य-सा रहता है। बल्कि घोंसला बनाने के क्रम में भी यह पर्याप्त गोपनीयता बरतते हैं। बना लेने के बाद भी कुछ दिनों के लिए छोड़ देते हैं और आनेवाले संभावित खतरों का आकलन करते हैं। सब तरीके से आश्वस्त होने के बाद उसमें अंडे देते हैं। नर और मादा बारी-बारी से अंडे सेने का काम करते दिखते हैं। एक बार में बहुत आसानी से चार बच्चे यह पाल-पोष कर बड़ा कर लेते हैं। चूजों के बाहर आने के बाद परवरिश की इनकी कोशिश और समर्पण को देख कर बतौर मनुष्य, आप खुद को बेहद छोटा महसूस कर सकते हैं। अपने आब्जर्वेशन के दौरान मैंने पाया कि अपने बच्चों की पूप तक को घोंसले में गिरने नहीं देते हैं कि उससे किसी परभक्षी को इनके बच्चों का पता न मिल जाये। बच्चे भी अपने माता-पिता की मौजूदगी में विष्ठा करते हैं, जिसे अपनी चोंच में दबा कर यह कहीं दूर ले जाते हैं। जिससे उसकी गंध से भी किसी को इनके बच्चों का सुराग ना मिले। साँप को आम तौर पर तोता-मैना आदि के चूजों का शिकार करते हुए मैंने पाया है। कोटरों में जो चूजे पलते हैं, वह धामिन साँप का आसान शिकार होते हैं। इंडियन पैराडाईज फ्लाईकैचर को असली खतरा महोख (ग्रेटर कोकल) जैसे परभक्षियों से होता है। यदि आप जंगल में वक्त गुजारें तो पक्षियों की हैरान करनेवाली गतिविधियाँ आपको देखने को मिल सकती हैं। दूसरों के घोंसलों में ताक-झांक करनेवाले पक्षियों की संख्या कम नहीं है। जैसे मैंने इस साल गोल्डेन ओरियोल, और कॉमन आयोरा को बुलबुल के घोंसले को नुकसान पहुंचाते हुए पाया। इसका कोई अर्थ मैं नहीं तलाश सका। इससे पहले ऐसा कुछ मैंने नहीं देखा था। जिन जंगलों में बंदर बहुतायत में होते हैं, वहाँ कई पक्षी घोंसला बनाने से बचते हैं।

बर्ड वॉचर के लिए अविस्मरणीय अनुभव

जंगल में पैराडाईज फ्लाईकैचर को उड़ते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है। सफेद और भूरी पूंछों के साथ जब यह दूरियां तय कर रहे होते हैं, उसे कैमरे में कैद करना खासा चुनौतीपूर्ण होता है। यह ड्रोंगों के भांति ही उड़ते हुए पानी पीना पसंद करते हैं। तो जंगल के आस-पास या बीच में कोई पानी का स्रोत मिल जाये, जिसमें यह पानी पीना पसंद करते हों तो वह अकेले बर्ड फोटोग्राफर्स के ड्रीम डेस्टिनेशन में शामिल होने के लिए पर्याप्त है। झारखंड के होरहाप में ऐसी जगह मौजूद है, लेकिन ओड़िशा का बिनिका या बिन्का इस मामले में सबसे बेहतर है। जंगल में पैराडाईज फ्लाईकैचर की तस्वीरों में और पानी के पास की तस्वीरों में जमीन-आसमान का अंतर होता है। दोनों बिलकुल दो जुदा दुनिया की तस्वीरें होती हैं। अकेले यह पक्षी इतने सुंदर और विविधतापूर्ण क्लिक देने में सक्षम है कि पूरा एक सीजन इसके पीछे गुजारा जा सकता है।

फ्लाईकैचर का पसंदीदा आहार तितली

फ्लाईकैचर पक्षियों पर अपने बच्चों की परवरिश के दौरान इन पर शिकार करने का भयंकर दबाव होता है। नर और मादा बिना थके तितलियाँ और अन्य कीट पकड़ने में लगभग हलकान रहते हैं। एक साथ चार चूजों का पेट भरना कतई आसान काम नहीं है। एक घटना का जिक्र करना चाहूँगा। फ्लाईकैचर के चूजे उड़ने लायक हो गये थे। अब माँ उन्हें घोंसले से निकाल कर टहनियों और पत्ते के पीछे कुछ दिन उड़ने और छिप कर बैठने का प्रशिक्षण दे रही थी। भूख लगने पर यह एक हल्की-सी शोर करते थे। अलग-अलग जगहों से हल्की आवाज के कारण लोकेट करने में मुश्किल आ रही थी। पर तब इनकी माँ चोंच में तितली दबाये आई और चारों निकलकर एक टहनी में आ जुटे। उनमें से एक थोड़ा कमजोर था। बाकी तीन अपेक्षाकृत बेहतर थे। चारों एक साथ चोंच खोले प्रतीक्षारत थे, लेकिन माँ ने अपना वह शिकार अपेक्षाकृत कमजोर बच्चे को खिलाना पसंद किया। उसके बाद फिर वह अगले शिकार के लिए उड़ गई। मातृत्व की जो संवेदना उसमें मौजूद थी, वह किसी मामले में मनुष्यों से कमतर नहीं थी, बल्कि अपने बच्चों को बड़ा करने का जो उपक्रम था, वह ज्यादा श्रमसाध्य था। सराहनीय था। नष्ट होते जंगलों के साथ कितना कुछ हम गंवाते चले जा रहे हैं, इन बातों को शायद हम महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

BRIEF NEWS

रांची लोकसभा क्षेत्र में सभी बूथों पर वेब कास्टिंग से हुई निगरानी

RANCHI : रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 2037 बूथों पर रांची समाहरणालय स्थित कंट्रोल रूम से शनिवार को वेब कास्टिंग से नजर रखी जा रही थी। हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगाए गए थे और मतदान प्रक्रिया की लाइव स्थिति पर नजर रखी जा रही थी। कमरा संख्या-207 से रांची जिला के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नेतृत्व में लगातार पैनी नजर रखी जा रही है। सभी मतदान केंद्रों में चल रहे मतदान प्रक्रिया की वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव कर रहे थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की ओर से लगातार कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त सम्बंधित सभी पदाधिकारियों, ऑपरेटरों और कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे थे। वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग की जा रही थी ताकि किसी भी मतदाता को असुविधा न हो।

एसएसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, वोटरों के लिए लगवाए टेंट

RANCHI : रांची लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को सुबह सात बजे से मतदान की प्रक्रिया जारी है। कांके रोड स्थित जवाहर नगर में बूथ केंद्र संख्या 340 पर धूप में मतदाताओं को काफी परेशानी हो रही थी। मतदाताओं ने एसएसपी चंदन सिन्हा को परेशानी बतायी। इसके बाद एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और रांची पुलिस लाइन से टेंट मंगवाकर बूथ पर लगाने का निर्देश दिया। टेंट लगने के बाद लोगों को धूप से राहत मिली और मतदाता लाइन में लगकर वोटिंग कर रहे हैं। दूसरी ओर, पुलिस ऑब्जर्वर, रांची एसएसपी और कोतवाली डीएसपी ने हिंदपीढ़ी इलाके में संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों ने इस्लामिया मरकज, उर्दू विद्यालय सहित अन्य संवेदनशील बूथों के निरीक्षण किया। साथ ही बूथों पर तैनात जवानों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। हिंदपीढ़ी इलाके में स्थित बूथों में सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारे लगी हैं। हालांकि, जैसे-जैसे दिन चढ़ने लगा है, लोगों की भीड़ थोड़ी कम हो गयी है। रांची लोकसभा क्षेत्र में सभी बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। कहीं से भी किसी प्रकार अप्रिय घटनाओं की खबर अबतक नहीं आयी है। लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण समापन के दृष्टिकोण से एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा बाइक क्यूआरटी के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

सभी विधानसभा में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न : उपायुक्त

RANCHI : रांची जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभाओं में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह सात बजे से ही सभी मतदान केंद्र पर वोटिंग शुरू हो गयी थी। सभी पोलिंग पार्टी, सेक्टर ऑफिसर ,जोनल ऑफिसर पूरी तरह से मुस्तैद रहे। समय-समय पर लॉ एंड आर्डर से संबंधित प्रतिवेदन भी लगातार प्राप्त किये जा रहे थे। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 2037 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग हो रही थी। जिले में एक फूल फेज कंट्रोल रूम काम कर रहा थाए जहां जहां से किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायत आ रही थी। वहां तुरंत त्वरित कार्रवाई की जा रही थी। सभी पोलिंग पार्टी ईवीएम मशीन लेकर धीरे-धीरे पहुंच रहे है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए कड़े और पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सिन्हा शनिवार रात पंडरा बाजार समिति प्रांगण में बनाए गये स्ट्रांग रूम में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा होगी।

तपिश के बाद भी लगी रही वोटरों की लंबी कतार

रांची में 61.34 प्रतिशत हुआ मतदान, पिछले चुनाव से 3.15 फीसद कम

PHOTON NEWS RANCHI : रांची संसदीय क्षेत्र के चुनाव में शनिवार सुबह मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान तापमान और मतदान प्रतिशत में वृद्धि देखने को मिली। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। तापमान में लगातार बढ़ोतरी के बावजूद मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों तक पहुंचे। जिसका नतीजा निकला कि रांची संसदीय क्षेत्र में 61.34 प्रतिशत मतदान हुआ।जैसे-जैसे सूरज की तपिश बढ़ती गई, वैसे-वैसे मतदाताओं की संख्या में भी बढ़ोतरी होता गया। युवा, दिव्यांग, असहाय, बुजुर्ग और महिलाएं भी काफी संख्या में मतदान करने के लिए केंद्रों तक पहुंचे। मतदान शुरू होने के एक घंटे पहले सुबह के छह बजे से ही मतदाताओं की लंबी लाइन बूथों पर लग गई थी। रांची में खुशनुमा मौसम की भविष्यवाणी भी गलत साबित हुई। तपिश के बाद भी मतदाताओं की लंबी कतार बूथों पर लगी रही। रांची शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-सुबह

मतदान के लिए कतार में लगे वोटर। ● फोटोन न्यूज

कैसे बढ़ता गया मतदान का प्रतिशत

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। लोग सूरज निकलने के साथ ही मतदान केंद्रों तक पहुंच गए थे। लोगों ने मतदान शुरू होने से मतदान समाप्त होने तक इस उत्साह बनाए रखा। निर्वाचन आयोग और सरकारी-गैर सरकारी संगठनों द्वारा मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए मतदाता जागरूक अभियान चलाने का प्रयास भी रंग लाया। चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान शुरू होने के समय सुबह सात बजे के पहले से ही बूथों पर मतदाताओं की कतार लग गई थी। सुबह-सुबह ही मतदाताओं का उत्साह देखने लायक था। ज्यादातर मतदाता अपने परिवार के साथ मतदान केंद्रों पर पहुंचे। तापमान की परवाह किए बिना युवा मतदाता भी अपने वोट देने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। अंतिम समय में भीड़ कम नहीं हुई और लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा लिया।

मतदान कार्य धीमी गति से चली। सुबह के 9.00 बजे रांची का तापमान 30 डिग्री रहा। इस कड़ी धूप में मतदाता लाइन में लगकर वोट देने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। जिसका नतीजा यह निकला कि सुबह के नौ बजे रांची का मतदान प्रतिशत 12.19 रहा। इसके बाद सुबह के 11 बजे तापमान बढ़कर 34 डिग्री सेल्सियस हो गया और मतदान प्रतिशत बढ़कर 41.83 प्रतिशत पहुंच गया। दोपहर 3 बजे तापमान 35 डिग्री सेल्सियस ही बना रहा और मतदान प्रतिशत बढ़कर 54.25 प्रतिशत हो गया। शाम 5 बजे तापमान 34 डिग्री सेल्सियस था और कुल मतदान प्रतिशत 59.09 प्रतिशत पहुंचकर रुक गया। इधर तपिश के बाद भी मतदान केंद्रों पर वोटरों की लंबी-लंबी कतार लगी रही। जिसका नतीजा यह निकला कि रांची संसदीय क्षेत्र में 59.09 प्रतिशत मतदान हुआ। यह मतदान प्रतिशत पिछले चुनाव की तुलना में 5.40 प्रतिशत कम रहा। पिछले लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय क्षेत्र के लिए 64.49 प्रतिशत मतदान हुआ था। रांची में पारा चढ़ने के बावजूद लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं ने निष्पक्ष मतदान किया।

विधानसभावार मतदान प्रतिशत

ईचागढ़ विधानसभा-50	76.55
सिल्ली विधानसभा-61	65.34
खिजरी विधानसभा-62	63.05
रांची विधानसभा-63	54.90
हटिया विधानसभा-64	55.00
कांके विधानसभा-65	54.61

वोटरों के लिए हुआ महाभंडारा, हजारों लोगों ने प्रसाद के रूप में किया भोजन

मतदान के बाद भोजन करते लोग। ● फोटोन न्यूज

RANCHI : शनिवार को मतदान के दिन श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति भुतहा तालाब रांची के अध्यक्ष शंकर दुबे ने भव्य भंडारा का आयोजन किया। लोकतंत्र के महापर्व के दिन हजारों की संख्या में मतदाताओं ने मतदान करके भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। श्री शंकर दुबे ने फेसबुक में लाइव आकर सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि शत-प्रतिशत मतदान करें, क्योंकि आपका एक-एक वोट बहुमूल्य है। आपका एक मतदान देश और राज्य को विकसित, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने में सहायक होगा। उन्होंने कई बार मंदिर प्रांगण से अपील भी की क जो मतदाता अभी तक मतदान नहीं किए हैं, वो जाकर जल्द से जल्द मतदान करें और एक अच्छे सच्चे और जागरूक नागरिक होने का फर्ज अदा करें, क्योंकि दानों में सबसे बड़ा दान मतदान होता है। उससे देश की दशा और दिशा तय होती है। इस अवसर पर महासमिति के अध्यक्ष शंकर दुबे, मुख्य संरक्षक किशोर साहू, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह लल्लू एवं अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

झामुमो ने वोटरों का जताया आभार

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शनिवार को राज्य में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों को आशीर्वाद के लिए मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में भी लोगों का झारखंडी अस्मिता की रक्षा के लिए कतारबद्ध होकर वोट करना यह साबित करता है कि हमारा लोकतंत्र कितना मजबूत है।

सुप्रियो ने कहा कि जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में समायोजित पूर्वी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का मतदान करना हतप्रभ करता है। किसी भी राज्य का राज्यपाल उस राज्य का प्रथम नागरिक होता

मीडिया को जानकारी देते सुप्रियो भट्टाचार्य। ● फोटोन न्यूज

है और उनसे यह अपेक्षा होती है कि वह अपने राज्य के संवैधानिक प्रमुख होने के नाते उस राज्य में मतदान करे ताकि मतदाताओं के लिए एक उत्साहवर्धक संदेश प्राप्त हो। इस मामले में झारखंड के प्रथम नागरिक राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का रांची में मतदान करना एक उदाहरण है।

सुप्रियो ने कहा कि केंद्रीय चुनाव आयोग को भी यह संज्ञान लेना चाहिए कि वो कौन सी परिस्थिति हुई कि ओडिशा के राज्यपाल को गृह राज्य में आकर मतदान करना पड़ा। उनका यहां मतदान करना स्थानीय प्रशासन को प्रभावित करना एवं मतदाताओं को भ्रमित करने का एक निंदनिय प्रयास है, जो लोकतंत्र के संघीय ढांचे के लिए अशुभ है।

रांची में 100 साल की बुजुर्ग महिला ने भी किया मतदान

वोट देने के लिए मतदान केंद्र पहुंचीं 100 साल की महिला। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल ने किया मतदान, सभी से की वोट देने की अपील

RANCHI : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान राज्यपाल ने सेल्फी पॉइंट पर तस्वीर भी खिंचवाई। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि सभी मतदताओं से मेरा आग्रह है कि वे भी अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने किया मतदान

RANCHI : रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने अपने परिवार के साथ ओटीसी कैंपस में संत कोलंबस स्कूल में अपना वोट दिया। वोट देने के बाद बाहर निकलने पर संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। उन्होंने कहा कि आम जनता मोदी की गारंटी को जानती और पहचानती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर में 370 हटाने, राम मंदिर बनवाने सहित कई अतुलनीय काम किए हैं। ऐसे में भाजपा रांची ही नहीं अधिकांश सीटों पर भारी मतों से जीतेगी। इससे पूर्व उन्होंने पहाड़ी मंदिर में सब परिवार पूजा अर्चना की।

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने सपरिवार किया मतदान

RANCHI : रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पिता सुबोधकांत सहाय और मां रेखा सहाय के साथ धुर्वा सेक्टर 3 स्थित एचईसी महिला समिति कैंपस स्थित मतदान केंद्र संख्या 307 पर मतदान किया। वोटिंग से पहले यशस्विनी सहाय ने धुर्वा स्थित हिनू शनि मंदिर और दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने डोरंडा के मतदान केंद्र पर सपरिवार किया मतदान

RANCHI : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शनिवार को राजकीय कृत मॉडल उच्च विद्यालय बीएमपी ग्राउंड डोरंडा के प्रधान केंद्र संख्या 372 पर मतदान किया। उनके साथ उनकी पत्नी एवं पुत्र भी मतदान करने पहुंचे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से सपरिवार मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान करने की अपील की। इधर, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह ने नेहरू सांस्कृतिक केन्द्र, जवाहर नगर, कांके स्थित मतदान केन्द्र एवं अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने तहसील कचहरी, रातु रोड स्थित मतदान केंद्र पर मतदान किया। साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की।

रांची के उपायुक्त ने किया मतदान

RANCHI : रांची के निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने पुंदाग स्थित ज्ञान सिंधु विद्या मंदिर के मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। पंक्ति में अपनी बारी का इंतजार करते हुए राहुल कुमार सिन्हा ने लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान केंद्र में प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मियों का भी निवार्ची पदाधिकारी की ओर से हौसल अफजाई किया गया। उन्होंने रांची के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि शाम पांच बजे तक मतदान का समय है, बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और बेहतर वोट प्रतिशत के साथ कीर्तिमान स्थापित करें।

आईजी और डीआईजी ने किया मतदान

RANCHI : आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने शनिवार को डिबडीह स्थित मतदान केंद्र में पत्नी के साथ मतदान किया। डीआईजी अनूप बिरथरे ने मोरहाबादी के चिरौंदी स्थित मतदान केंद्र में पत्नी के साथ मतदान किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने लोगों से मतदान करने की अपील की।

एसएसपी और उनकी पत्नी ने किया मतदान

RANCHI : रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और उनकी पत्नी कंचन सिंह ने शनिवार को मतदान किया। एसएसपी अपने परिवार के साथ सुबह बरियातू स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, (कमरा संख्या 6) पहुंचे और वोट दिया। मौके पर एसएसपी और उनकी पत्नी ने रांची वासियों से अपील किया कि प्रत्येक मतदाता अवश्य मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आएं और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केदो पर शांतिपूर्ण मतदान हो रहा है। सभी मतदान केदो पर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

झारखंड में आज से दिखेगा चक्रवाती तूफान का असर

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य में रविवार को चक्रवाती तूफान 'रेमल' का असर देखने को मिलेगा। राज्य के कई स्थानों में रविवार से 31 मई तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि 26 से 28 मई तक राज्य के उत्तर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसका असर देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला खरसावां, रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, रामगढ़ जिलों में देखने को मिलेगा।इस दौरान गर्जन और तेज हवा का झोंका चलने के साथ वज्रपात संभव है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है।

आनंद ने बताया कि राज्य के कई जिलों में 26 मई से आंधी के साथ वज्रपात होने की संभावना है। राज्य के पूर्वी भाग में 28 मई को कहीं-कहीं गर्जन, वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। इस दौरान हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा होने की संभावना है। वहीं, 28 से 31 मई तक राज्य के पूर्वी भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका असर गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार जिले में देखने को मिलेगा। कई जिलों में 31 मई तक बारिश होती रहेगी। हालांकि, अगले 24 घंटे के दौरान अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। अगले दो से तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

सीआईडी ने एक महिला सहित तीन साइबर अपराधियों को किया अरेस्ट

PHOTON NEWS RANCHI : अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने एक महिला सहित तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर अपराधियों में महाराष्ट्र निवासी पाल प्रदीप मनीराम, पश्चिम बंगाल निवासी अजय कुमार और झारखंड की एक महिला शामिल है।

डीएसपी नेहा बाला ने शनिवार को बताया कि इस संबंध में साइबर थाने में तीन मई को संजीव कुमार ने मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज मामले में बताया गया था कि व्हाट्सएप के माध्यम से उनसे संपर्क किया गया। इसके बाद एक लिंक भेज कर पैसे को 10 गुना करने का लालच देकर 96.2 लाख रुपये साइबर अपराधियों ने अवैध हस्तांतरण करते हुए ठगी कर ली। व्हाट्सएप पर भेजे गए लिंक के माध्यम से निवेश करवाने के लिए संजीव कुमार को अलग-अलग बैंक खातों में पैसे डालने को बोला गया।

डीएसपी ने बताया कि मामले की जांच करते हुए सीआईडी ने वेबसाइट के टेक्निकल एनालिसिस को खंगाला। जांच के दौरान पता चला यह चाइना का है। वहीं ट्रांजेक्शन के आईपी का सर्वर जापान, हांगकांग और चाइना में पाया गया। जांच आगे बढ़ी तो इसके तार पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और झारखंड से जुड़े मिले। सीआईडी ने स्थानीय पुलिस की मदद से तीनों राज्य से एक-एक आरोपित को गिरफ्तार किया। उनके पास से 15 अलग-अलग बैंकों के खाते, छह मोबाइल, कॉरपोरेट खाता से लिंक्ड पांच सिम कार्ड, नौ चेकबुक, कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग क्रिडेंशियल्स और व्हाट्सएप चैट सहित कई चीजें जब्त की गई।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि अपराधियों ने आईसीआईसीआई के एक बैंक अकाउंट से 10 दिन में 4 करोड़ 67 लाख 3088 रुपये क्रेडिट किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल में इस बैंक खाते के विरुद्ध करीब 10 राज्यों की 13 शिकायतें दर्ज है।

भाजपा नेता आदित्य साहू बोले- 10 कमल फूल और एक केला ईवीएम में हुआ कैद

चारों सीटों पर एनडीए प्रत्याशी के जीतने का दावा

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि देश में छठे और झारखंड में तीसरे चरण का मतदान शनिवार को संपन्न हो गया। राज्य में तीन चरणों के मतदान के बाद 10 कमल फूल और एक केला ईवीएम में कैद हो गया है। उन्होंने कहा कि इस चरण में चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि इन चारों लोकसभा सीटों से एनडीए प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेंगे।

आदित्य साहू शनिवार को हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे

मीडिया को संबोधित करते आदित्य साहू व अन्य। ● फोटोन न्यूज

थे। उन्होंने कहा कि झारखंड की ठगबंधन सरकार ने जनता को धोखा दिया है। ठगने का काम किया है। साढ़े चार साल के कार्यकाल में ठगबंधन सरकार ने झारखंड को लूटने का काम किया है। विकास का काम अवरुद्ध करने का काम किया है। जनता इनसे त्रस्त हो चुकी है। इस ठगबंधन को जनता ने वोट के माध्यम से नकारने का काम किया है। चुनाव परिणाम आने पर यह स्पष्ट हो जाएगा।

साहू ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मतदाता वोट डालने बूथ पर पहुंचे। कई वोटर वोट देने से वंचित रह गए। उनका नाम मतदाता सूची में नहीं था। इस बारे में चुनाव आयोग को चिंता करनी चाहिए। उन्हें ध्यान देना चाहिए कि कोई भी मतदान करने से वंचित नहीं रहे। इसमें सुधार करने की जरूरत है वरना आयोग के प्रति लोगों का विश्वास कम होगा। उन्होंने कहा कि कई सुरक्षा कर्मियों के नाम के आगे वोटर लिस्ट में पोस्टल बैलेट दर्ज था जबकि उन लोगों ने पोस्टल मतदान नहीं किया था। ऐसे मतदाताओं को मतदान से वंचित रहना पड़ा।

साहू ने कहा कि मतदाताओं ने मजबूत और विकसित भारत के लिए वोट दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आस्था और विश्वास जताया है। प्रधानमंत्री ने पिछले 10 साल में सभी वर्ग की चिंता की है। प्रत्येक दरवाजे पर विकास करके माध्यम से दस्तक दिया है। देश की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की है। दुश्मनों को करारा जवाब दिया है। युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। इससे प्रभावित होकर बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रधानमंत्री मोदी को पीएम बनने के लिए वोट किया है।

लोयोला स्कूल में मतदान के लिए लगी कतार। ● फोटोन न्यूज

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में 66.79% मतदान, बहरागोड़ा में पड़े सबसे अधिक वोट

लोकतंत्र का महापर्व : चहुंओर उत्सव और उल्लास

टाटा स्टील समूह के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन व उनकी पत्नी रुचि नरेंद्रन

मतदान की स्याही दिखाते एसएसपी किशोर कौशल व सिटी एसपी मुकेश लुणायत

बिष्टुपुर स्थित केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में परिवार के साथ सरयू राय

मतदान की स्याही दिखाते साहित्यकार गीता दुबे व उनके पति प्रमोद दुबे

चंद्रयान थीम पर बने जेएच तारापोर स्कूल के बूथ में मतदाता

मुखाग्नि देकर सपरिवार वोट देने आए हेसड़ा गांव के ग्राम प्रधान राम रंजन प्रधान

PHOTON NEWS JSR:

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को मतदान का उत्साह देखते ही बन रहा था। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी बूथों पर भी लंबी-लंबी कतार लगी रही। पूरे शहर में सुगह से शाम तक लोकतंत्र का उल्लास दिखा। बूथों पर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। कहीं कोई अफरातफरी देखने को नहीं मिली।

पारडीह के एक-दो बूथ पर ईवीएम चालू होने में अवश्य विलंब हुआ, लेकिन मतदाताओं ने धैर्यपूर्वक लगभग एक घंटे तक ईवीएम ठीक होने का इंतजार किया। इस बार शहर के लगभग हर बूथ पर शांति बनी रही।

पर्ची काटने के लिए एनडीए व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता बूथ से 100 मीटर की दूरी पर अपने टेबल-कुर्सी व टेंट लगाए थे। इस बार अधिकतर लोगों को घर पर ही मतदाता पर्ची मिल गई थी, इसलिए वहां भी कोई आपाधापी नहीं दिखी। शहर के दुकान-प्रतिष्ठान भी बंद रहे। शराब की दुकानें भी लगभग 48 घंटे बाद शनिवार शाम 5 बजे के बाद खुलीं, तो बाजारों में भी शाम को रौनक लौटी। वैसे कई दुकानदारों ने शनिवार को कारोबार से छुट्टी ही ले ली थी।

जमशेदपुर लोकसभा में हुए तीन चुनाव के आंकड़े

वर्ष	2024	2019	2014
कुल मतदान (प्रतिशत)	66.79	67.19	66.38
विधानसभा वार			
बहरागोड़ा	77.24	78.19	75.56
घाटशिला	72.16	74.55	67.25
पोटका	73.12	72.14	69.47
जुगसलाई	69.25	69.57	70.31
जमशेदपुर पूर्वी	57.66	58.80	61.47
जमशेदपुर पश्चिम	57.10	55.95	57.98

इन प्रमुख लोगों ने किया मतदान

जमशेदपुर में सुबह-सुबह ही शहर के लगभग सभी दिग्गज वोट डाल चुके थे। इनमें टाटा स्टील समूह के ग्लोबल सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने अपनी पत्नी रुचि नरेंद्रन के साथ सुबह 7 बजे ही लोयोला स्कूल के बूथ संख्या 159 पर मतदान किया। लोयोला स्कूल में टाटा स्टील के तमाम उच्चाधिकारियों के अलावा पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय आरक्षी अधीक्षक किशोर कौशल, सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत व उपविकास आयुक्त मनीष कुमार सहित जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों ने मतदान किया।

ओडिशा के राज्यपाल ने भालूबासा में डाला वोट

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने भालूबासा स्थित हरिजन मध्य विद्यालय में वोट डाला। यहां उनकी पत्नी रुक्मिणी दास, पुत्र ललित दास व पुत्रवधू पूर्णिमा दास ने भी मतदान किया। मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपनी पत्नी सुधा गुप्ता के साथ कदमा स्थित डीबीएमएस हाईस्कूल, विधायक सरयू राय ने बिष्टुपुर स्थित केएमपीएम इंटर कॉलेज, कांग्रेस के ओडिशा प्रभारी व पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने शिक्षा निकेतन हाई स्कूल, टेल्को में मतदान किया।

ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास ने सपरिवार भालूबासा स्थित हरिजन मध्य-उच्च विद्यालय मे मतदान किया। इस मौके पर उनकी पत्नी रुक्मिणी दास, पुत्र ललित दास व पुत्रवधू पूर्णिमा दास ने भी वोट डाले।

मतदान की स्याही दिखाते उपायुक्त अनन्य मित्तल व उपविकास आयुक्त मनीष कुमार

परिवार सहित मतदान की स्याही दिखाते स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता

निशान दिखाते पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार

साकची निवासी संतोष अग्रवाल ने परिवार के 22 सदस्यों के साथ किया मतदान

आईएसडब्ल्यूपी के एमडी अविजीत नैनोटी

पोटका के उदाल गांव में मतदान की स्याही दिखाते विधायक संजीव सरदार

हिंदूपीठ के अध्यक्ष अरुण सिंह व उनकी पत्नी

जदयू-युवा के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह

परिवार संग सुरेश सोंयालिया

परिवार संग भाजपा नेता दिनेश कुमार

आंध्रा एसोसिएशन कदमा के बूथ पर 90 वर्षीय डी बाबू राव को गुलाब देते मतदान कर्मी

आदिवासी जनकल्याण उच्च विद्यालय में मतदान के लिए कतार में लगीं महिलाएं

एलबीएसएम कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अशोक झा

भाजपा नेता अनिल मोदी व उनकी पत्नी

मतदान करने के बाद हर्ष मुद्रा में बुजुर्ग महिलाएं

रांची लोकसभा के लिए ईचागढ़ में 77 फीसद मतदान

सरायकेला : रांची लोकसभा क्षेत्र के लिए शनिवार को मतदान हुआ, जिसमें सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 77.07 फीसद मतदान हुआ। यहां सुबह 9 बजे तक 15.34%, सुबह 11 बजे तक 35.16%, दोपहर 1 बजे तक 54.87% और दोपहर 3 बजे तक 68.56% मतदान हुआ था। ● फोटोन न्यूज

मानगो के एक बूथ में मतदान के लिए कतार में लगीं मुस्लिम महिलाएं

BRIEF NEWS

मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया मतदान

BHUBANESHWAR : मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर एरोड्राम प्राइमरी स्कूल के बूथ संख्या 114 में अपना वोट डाला। उन्होंने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महान अवसर पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने खासकर युवा मतदाताओं से मतदान के लिए आगे आने का आह्वान किया है।

ट्रक की टक्कर से 6 माह की बच्ची की मौत, मां की हालत गंभीर

SUNDARGARH : राउरकेला-संबलपुर बीजू एक्सप्रेसवे करमडीही में शनिवार एक भीषण सड़क दुर्घटना में 6 महीने की बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। सड़क पर तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी, इससे स्कूटी में मां की गोद में बैठी 6 माह की बच्ची की मौत हो गई। मृत बच्ची श्रेयांशी इतमा गांव का रहने वाली थी। हादसे के वजह से मां मुनि प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गईं। इतमा से मुनि अपनी नवजात बेटी श्रेयांसी और छोटी बहन के साथ स्कूटी से सुंदरगढ़ आ रहे थे। स्कूटी छोटी बहन चला रही थी। करमडीही के पास तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। मां की गोद से छिटककर गिरने से बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई।

नौ जून को किया जाएगा रज राजकुमारी का ऑडिशन

ROURKELA : गरिमा परिवार द्वारा आयोजित रज राजकुमारी सीजन 3 का ऑडिशन 9 जून को दिन 9 बजे राउरकेला क्लब में होगा, संस्थान द्वारा शनिवार को आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी गई। गरिमा परिवार के मुख्य शंकर जेना, अध्यक्षा निहारिका बस्तिया, सभापति ममता नायक ने प्रमुख पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष गरिमा परिवार की रज राजकुमारी तीसरे वर्ष में प्रवेश कर गयी है। 9 जून को होने वाले ऑडिशन में 14 से 24 साल की लड़कियां भाग ले सकती हैं। रज राजकुमारी के लिए आयु सीमा 14 से 24 वर्ष, रज अलंकरण के लिए 15 वर्ष से अधिक, पोडो पीठा के लिए 20 वर्ष से अधिक तथा पुचिखेल के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई है। इसके लिए बीते 10 मई से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका ह। यह 7 जून तक जारी रहेगा।

वरिष्ठ वकील गौरी श्याम पटनायक के निधन पर शोक सभा आयोजित

ROURKELA : राउरकेला बार एसोसिएशन के एक वरिष्ठ सदस्य, वकील गौरीश्याम पटनायक का कल 67 वर्ष की आयु में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। राउरकेला बार एसोसिएशन के कई वरिष्ठ सदस्य आईजीएच पहुंचे। राउरकेला बार एसोसिएशन कार्यालय में शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष सदानंद साहू की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गयी। इस शोक सभा में उपाध्यक्ष राज किशोर प्रधान, संपादक देवानंद तांती, संपादीका लाइब्रेरियन अंजना गहिर, अरिंदम दत्त, सरोज महापात्रा, अक्षय साहू, पवित्र जेना ने दिवंगत गौरीश्याम पटनायक की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की।

गिरिडीह में 66.72 प्रतिशत व धनबाद में 59.20 फीसद मतदाताओं ने किया अपने मत का प्रयोग

गर्मी बेअसर, झुमरा व ऊपरघाट में दिखा जोश, 6 किमी पैदल चलकर वोट देने आए लोग

PHOTON NEWS GIRIDIH : शनिवार को राज्य के चार सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह में मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक हुई वोटिंग में कुल 61.41 फीसदी मतदान हुआ। गिरिडीह में सर्वाधिक 66.72 फीसदी मतदान हुआ। सूचना के अनुसार धनबाद में लगभग 59.20 प्रतिशत वोटिंग हुई।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह दिखा। झुमरा से लेकर ऊपरघाट तक के बूथों पर भीड़ देखी गयी। भीषण गर्मी के बीच लोग छाता लेकर मतदान करने के लिए कतार में लगे रहे। फर्स्ट टाइम वोटर्स में जबर्दस्त उत्साह था।

ड्यूटी पर तैनात थे पुलिसकर्मी

प्रशासन की ओर से बूथों को सजाने से एक अलग उत्साह का संचार हो रहा था। लगभग सभी बूथों पर बुजुर्गों की भीड़ थी। हर मतदान केंद्र पर तैनात पुलिसकर्मी अपने काम में मुस्तैद थे। बुजुर्ग मतदाताओं की मदद भी कर रहे थे। कुछ मतदाताओं को गोद में उठाकर ले जाते हुए भी पुलिसवालों को देखा गया।

गिरिडीह लोकसभा सीट पर सभी जगह मतदाताओं की भीड़

गिरिडीह, बेरमो, गोमिया, डुमरी, बाघमारा और टुंडी विधानसभा क्षेत्र में हर जगह मतदाताओं की भीड़ थी। सड़कें सुनसान थीं, पर बूथों पर भीड़ थी। कई जगह लोगों ने सपरिवार वोट कर बूथ के पास ही नास्ता भी किया। लगभग सभी बूथों पर विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों ने नास्ते की व्यवस्था की थी।

मतदान के लिए कतार में लगीं महिला वोटर। ● फोटोन न्यूज

ढुलू महतो ने बाघमारा के टुंडू में किया मतदान

धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुलू महतो ने अपने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के टुण्डू अतिथि गृह के बुथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने सभी मतदाताओं से शान्तिपूर्वक अपने मत का प्रयोग करने की अपील की।सलूजा स्टील के निदेशक डॉ अमरजीत सिंह सलूजा ने अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ विज्ञान भवन में बूथ संख्या 35 में किया मतदान। पिंक बूथ संख्या 272 में महिला मतदाताओं को पौधा देकर उनका स्वागत किया गया। गोमिया के चुटे में अमन पहाड़ के अमन गांव के दर्जनों मतदाता 6 किलोमीटर की दूरी तय कर मतदान करने आये। झुमरा पहाड़ बूथ संख्या 44 में 44 प्रतिशत मतदान साढ़े 11 बजे तक पड़ चुका था। नक्सल प्रभावित क्षेत्र टुंडी के जातांखूंटी में भारी गर्मी और कड़ी धूप के बावजूद मतदाता छाता लेकर मतदान के लिए लाइन में लगे रहे। पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी ने मकतपुर के बूथ नंबर 60 पर वोट किया। बेरमो में अनुपमा सिंह ने अपने पति अनूप सिंह के साथ वोट किया।

तीखी धूप में भी धनबाद में दिखी वोटरों की लंबी कतार

DHANBAD : धनबाद लोकसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शुरू मतदान में वोटरों में गजब का उत्साह दिखा। यहां शाम पांच बजे तक धनबाद में 59.20 प्रतिशत मतदान हुआ। स+बह से ही तेज धूप थी, जो समय बढ़ने के साथ और तीखी होती गयी। लोग मतदान केंद्रों पर वोट देने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लगभग सभी बूथों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फतुडीह के बूथ संख्या 175 में सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ। यहां कुल 1057 मतदाता है। इसमें आठ बजे तक 114 व नौ बजे तक 142 मतदाताओं ने अपना वोट डाल चुके हैं। वहीं मतदान के लिए सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है। राजकीय उमवि बरकामा के बूथ संख्या 208 में ससमय मतदान शुरू है। यहां कुल 1,296 मतदाता हैं। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस बूथ पर 627 पुरुष व 569 महिला वोटर शामिल हैं। सुबह आठ बजे तक 115 व साढ़े नौ बजे तक 214 मतदाता अपना वोट डाला। वहीं प्राथमिक विद्यालय तियारा के बूथ संख्या 38 में साढ़े आठ बजे तक 146 व 10 बजे तक 220 मतदाता अपने वोट डाला। गोविंदपुर प्रखंड के करमाटाड़ बूथ संख्या 130 ,131 एवं 132 के दो सौ से अधिक मतदाताओं का नाम इस बार मतदाता सूची में नहीं है। मतदाता जब पहचान पत्र को लेकर मतदान केंद्र वोट डालने पहुंचे, तो पीठासीन पदाधिकारी ने ऐसे लोगों को मतदान करने से रोक दिया। पीठासीन पदाधिकारी ने बताया कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं, डिलीट सूची में है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शनिवार को मध्य विद्यालय, झारुडीह में अपने मत का प्रयोग किया। अपने मत के प्रयोग करने के बाद उपायुक्त ने धनबाद जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि घर से निकल कर मतदान केंद्रों में जाएं एवं अपने मत का प्रयोग करें। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी की भूमिका काफी अहम है, हर एक वोट कीमती है। इसलिए सभी से आग्रह है कि सभी अपने-अपने मतों का प्रयोग आज शाम 5 बजे तक अवश्य करें।

कड़ी धूप के बीच मतदान के लिए कतार में खड़ीं महिला मतदाता। ● फोटोन न्यूज

डेढ़ साल पहले तोरपा से चोरी हुआ वाहन बड़कागांव से बरामद

PHOTON NEWS KHUNTI : तोरपा थाना क्षेत्र के खसुआ टोली से डेढ़ साल पहले चोरी गये हाइवा ट्रक को पुलिस ने शुक्रवार को हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। इस संबंध में तोरपा के एसडीपीओ खिस्टोफर केर-केट्टा ने बताया कि सरस्वती पूजा के दिन 28 जनवरी, 2023 को तोरपा के श्रवण कुमार साहू का हाइवा ट्रक (जेएच 01 डीएल 9829) की चोरी हो गया था। उन्होंने बताया कि चोरी गए हाइवा का नंबर बदलकर इसका रजिस्ट्रेशन नागालैंड से कराया गया। वहां से एनओसी लेने के बाद हाइवा का हजारीबाग में फर्जी रजिस्ट्रेशन (जेएच 02 4523) कराकर वहीं एक व्यक्ति को बेच दिया गया।

चोरी गये हाइवा मलिक श्रवण साहू के मुताबिक दो दिन पूर्व तोरपा का चालक राजू साहू अंडा लदा वाहन लेकर कोडरमा गया था। वहां से लौटने के दौरान उसकी नजर चोरी गए हाइवा पर पड़ी लेकिन उसका रजिस्ट्रेशन नंबर अलग था जबकि अन्य किसी तरह का बदलाव वाहन में नहीं किया गया था।

बरामद वाहन।

गर्मी की छुट्टी में घर आई आठवीं की छात्रा ने की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

PHOTON NEWS SAHIBGANJ : साहिबगंज जिले के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के वृंदावन के त्रिलटोला गांव में 14 वर्षीया नाबालिग ने बीती रात साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। खुदकुशी की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। बताया जा रहा है कि मृतका आठवीं की छात्रा थी। गर्मी की छुट्टी में वह घर आयी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि नाबालिग बीते शुक्रवार की संध्या लगभग चार बजे से घर में नहीं थी। परिजनों को लगा कि कहीं गयी है। वह रात तक घर नहीं लौटी। परिजनों ने घर के आस-पास पता किया, लेकिन शनिवार की सुबह 9 बजे लड़की का भाई मताल कर्मकार कुछ सामान लाने के लिए अपने बड़े पापा के घर की तरफ गया तो देखा कि उसकी बहन सामान रखने वाले बिना दरवाजे के कमरे में मृत पड़ी है। उसके पास ही छप्पर से साड़ी का फंदा बंधा हुआ है।

घटना के बाद विलाप करते परिजन। ● फोटोन न्यूज

धनबाद में 105 वर्ष की बुजुर्ग महिला ने डाला अपना वोट

PHOTON NEWS DHANBAD : लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान में धनबाद स्थित गुरुनानक मध्य विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर 105 वर्ष की एक बुजुर्ग महिला ने मतदान किया। वह प्लास्टिक के एक टेबल के सहारे बूथ पर पहुंची।

वयोवृद्ध मबिवा सुमित्रा देवी शारीरिक रूप से लाचार और अकेले चलने में असमर्थ होने के बावजूद उनका मतदान के प्रति उत्साह देख लोग आश्चर्य चकित रह गए। उनके पुत्र सुजीत कुमार ने कहा कि उसकी मां शुरू से ही मतदान के प्रति जागरूक और उत्साहित रहती हैं। आज सुबह से ही वह मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने को लेकर काफी उत्साहित थी। मतदान के प्रति इनके उत्साह को देख हमारे घर और आसपास के लोगों को भी काफी प्रेरणा मिलती है।

पुलिस के हत्थे चढ़ा पीएलएफआई का कुख्यात उग्रवादी संजय टोपनो

लोडेड रिवाल्वर, कारतूस और संगठन का पर्चा बरामद

PHOTON NEWS KHUNTI : प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सक्रिय और विभिन्न मामलों में वांछित उग्रवादी संजय टोपनो उर्फ संजू टोपनो उर्फ सनातन टोपनो उर्फ मोटा (38) को पुलिस ने शुक्रवार की शाम को जरियागढ़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने एक लोडेड रिवाल्वर, चार जिंदा कारतूस, पीएलएफआई संगठन का पर्चा और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

यह जानकारी तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी खिस्टोफर केरकेट्टा ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी जरियागढ़ थाना क्षेत्र में लेवी वसूलने के लिए भ्रमणशील हैं। सूचना पर तोरपा के एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा शुक्रवार की शाम गश्ती के दौरान एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संजय टोपनो उर्फ संजू टोपनो ग्राम सिमटिमडा थाना जरियागढ़ बताया।

गिरफ्तार उग्रवादी व जानकारी देती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

पुराना आपराधिक इतिहास रहा है संजय टोपनो का

एसडीपीओ ने बताया कि संजय टोपनो का काफी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पहले वह पश्चिमी सिंहभूम के टेबो और बंदगांव इलाके में संगठन का एरिया कमांडर था। 2016 में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन जेल से बाहर निकलते ही वह संगठन में फिर सक्रिय हो गया। फिलहाल वह तुपुदाना, नामकुम इलाके में रहकर संगठन के लिए लेवी वसूलने और संगठन का विस्तार करने में लगा था।

कोडरमा घाटी में तीन वाहनों के बीच हुई टक्कर बाल-बाल बचे लोग

KODERMA : जिले के कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी में शनिवार की सुबह तीन वाहनों में टक्कर हो गई। ट्रक, टेलर और बस के बीच हुई इस दुर्घटना में चालक और बस पर सवार लोग बाल बल बच गए। जानकारी के अनुसार कोडरमा घाटी के नौवां माइल के पास पहले से एक ब्रेक डाउन ट्रक सड़क पर खड़ी थी। इसी दौरान कोडरमा की तरफ से आ रही ट्रेलर वाहन ने पीछे से ब्रेक डाउन ट्रक में टक्कर मार दिया। इसके बाद ट्रेलर के पीछे चल रही बस की टक्कर ट्रेलर से हो गई। बस कोलकाता से बिहार जा रही थी। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंच कर रोड से सभी गाड़ी को क्रेन की मदद से किनारे कराया गया और यातायात को सामान्य किया गया।

दुकान में चोरी करने आए तीन चोर आग में झुलसे, एक की मौत, दो गंभीर

PHOTON NEWS LATEHAR : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरी गांव में शुक्रवार की रात भीषण घटना घटी। यहां एक दुकान में चोरी करने गए तीन चोर आग में झुलस गए। इसमें एक चोर की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी तीनों चोर नाबालिक थे।

जानकारी के अनुसार पकरी गांव निवासी बालकेश्वर साव के दुकान में शुक्रवार की देर रात तीन नाबालिक चोर चोरी करने गए थे। दुकान का ताला तोड़ कर तीनों चोर दुकान में घुसे और मोमबत्ती जलाकर नगद पैसे तथा अन्य कीमती सामान ढूंढने लगे। इसी दौरान अचानक एक चोर के पैर में ठोकर लग गई, जिससे हाथ का मोमबत्ती छूकर पास में रखे गए पेट्रोल के गैलन पर जा गिरा। पेट्रोल का गैलन जैसे ही आग के संपर्क में आया ,वैसे ही अचानक भयंकर आग लग गई। इस घटना में तीनों बुरी तरह आग में झुलस गए। एक चोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर आग लगने की घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए और मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और मृतक चोर के शव को कब्जे में ले लिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

इधर इस संबंध में बालूमाथ डीएसपी आशुतोष सत्यम ने शनिवार को बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया गया है।

घायलों को अस्पताल ले जाती पुलिस। ● फोटोन न्यूज

लोक अदालत में समझौते से हुए समाधान पर आम लोगों का बढ़ता है विश्वास : पीडीजे

PHOTON NEWS LOHARDAGA : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अरविंद कुमार पांडेय ने आज रेफरल जजेज एवं मीडिएटर को लेकर हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्यस्थों को संबोधित करते हुए कहा कि समझौते से हुए विवाद समाधान से व्यवस्था पर आमजनों का विश्वास बढ़ता है। जो वकील यह सोचते हैं कि समझौते से समाधान के पश्चात उनके केस खत्म हो जाता है, उन्हें यह जानना चाहिए कि समझौते के पश्चात त्वरित न्याय मिलने के कारण आमजनो का विश्वास बढ़ता है।

मध्यस्थता के मूल नियमों को व्याख्यापित करते हुए पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मध्यस्थ को धैर्य से काम लेना चाहिए। दोनों पार्टियों को अलग-अलग एवं समन्वित रूप से सुनना चाहिए, तभी निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में उपस्थित मध्यस्थ, पैनल अधिवक्ताओं, एवं पीएलवी को संबोधित करते हुए कहा कि मोटर वाहन से बढ़ते दुर्घटना को लेकर सचेत होने की आवश्यकता है।

इससे पूर्व प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने मोटर एक्सीडेंट के मामले में मृतक के आश्रित को दिए जाने वाले मुआवजा की गणना कैसे की जाती है उसे विस्तृत रूप से बताया। डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में मुआवजा पाने के लिए एसडीएम के यहां आवेदन देना होता है। उन्होंने डालसा के कार्यों का विवरण पीडीजे के समक्ष रखा।

कार्यक्रम में उपस्थित डालसा अध्यक्ष अरविंद कुमार पांडेय व अन्य। ● फोटोन न्यूज

डालसा सभागार भवन में मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

वादों के निष्पादन में मध्यस्थ की भूमिका महत्वपूर्ण

लोक अदालत में उपस्थित प्रधान जिला जज व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार और झालसा रांची के निर्देश पर शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष ऋषिकेश कुमार की अध्यक्षता में डालसा सभागार भवन में सभी न्यायिक पदाधिकारी और मेडिएटर के लिए मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार ने कहा कि वादों का तेजी से निष्पादन में मध्यस्था की भूमिका है। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि लोक आदलत सभी सुलहनीय और दीवानी मामलो को मध्यस्थता के माध्यम से सुलहकर कराती है। कार्यक्रम में जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय राकेश कुमार मिश्रा जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, डालसा सचिव राजर्षि अपर्णा कुजूर, एसडीजेएम विद्यावती कुमारी और डालसा के कर्मचारी उपस्थित थे।

मासिक लोक अदालत में चार मामलों का निष्पादन, आठ लाख रुपये का सेटलमेंट

KHUNTI : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेस कुमार की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय खूंटी में शनिवार को आयोजित मासिक लोक अदालत में चार मामलों का निष्पादन किया गया और आठ लाख 95 हजार रुपये का सेटलमेंट किया गया। इस संबंध में डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निष्पादन के लिए चार बैंचों का गठन न्यायालय में लंबित मामलों तथा प्री लिटिगेशन से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए किया गया। लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सुलहनीय प्रकृति के मामले, एनआइ एक्ट के मामले, बिजली संबंधित मामले प्रस्तुत किए गए। लोक अदालत में चार मामलों का निष्पादन किया गया और आठ लाख आठ हजार पंचानबे रुपये का सेटलमेंट किया गया। लोक अदालत में प्रथम बेंच, जिला जज तृतीय प्राची मिश्रा, पैनल अधिवक्ता राजेश कुमार एवं मिलन कुमार दास, द्वितीय बेंच में मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी मनोरंजन कुमार, पैनल अधिवक्ता मुकुल कुमार पाठक एवं कविता कुमारी, तृतीय बेंच में एसडीजेएम विद्यावती कुमारी, पैनल अधिवक्ता आशीष कुमार एवं सुमित कुमार कश्यप, चतुर्थ बेंच में स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष केके सिंह एवं सदस्य मधु चंदा रजक, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी उपस्थित थे।

चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

डॉ. अनिल कुमार निगम

आप जब भी इस धार्मिक यात्रा पर जाएं तो कुछ और बातों का ध्यान रखें। चारों धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, ऑक्सीजन लेबल भी कम होता है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही कदम बढ़ाएं। यात्रा के दौरान जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां साथ लेकर जाएं। जुकाम, बुखार, सिरदर्द आदि की दवाइयां साथ में रखें। यात्रा मार्ग में खानपान का खास ध्यान रखें। ताजे भोजन का सेवन करें। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम प्रायः बदल जाता है। इसलिए ऊनी वस्त्र, कंबल, वाटरप्रूफ बिस्तर, बरसाती, छाता, टार्च आदि अवश्य साथ में रखें।

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया?

आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है।

शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है।

ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है।

निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया।

ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया। यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। सड़कों पर ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है।

हालांकि धामों में अभूतपूर्व संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी वहां की स्थिति को स्वयं मॉनीटर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को उत्तरकाशी में कैंप करने तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा इंतजामों की लगातार निगरानी करने को कहा है। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरातफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें। चारधाम यात्रा चूंकि अक्टूबर तक चलती है, इसलिए कुछ समय बाद आप वहां जाएं।

आप जब भी इस धार्मिक यात्रा पर जाएं तो कुछ और बातों का ध्यान रखें। चारों धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, ऑक्सीजन लेबल भी कम होता है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही कदम बढ़ाएं। यात्रा के दौरान जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां साथ लेकर जाएं। जुकाम, बुखार, सिरदर्द आदि की दवाइयां साथ में रखें। यात्रा मार्ग में खानपान का खास ध्यान रखें। ताजे भोजन का सेवन करें। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम प्रायः बदल जाता है। इसलिए ऊनी वस्त्र, कंबल, वाटरप्रूफ बिस्तर, बरसाती, छाता, टार्च आदि अवश्य साथ में रखें।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

प्रज्जवल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी

पूर्व प्रधानमंत्री व जनता दल (सेकुलर) के संरक्षक एचडी देवगौड़ा ने अपने पोते व दल क निलंबित सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को कड़ी चेतावनी दी है। सेक्स स्कैंडल के आरोपी पोते से उन्होंने देश वापस आने और जांच का सामना करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि इस मामले में उनके या परिवार के किसी सदस्य की तरफ से किसी तरह की दखलंदाजी नहीं करेगा। प्रज्जवल पर यौन शोषण के कई आरोप हैं, जिनके कारण वह अप्रैल के अंत में कथित रूप से जर्मनी भाग गया था। देवगौड़ा ने स्पष्ट रूप से यह भी कहा कि अगर वह दोषी पाया जाता है तो उसे सख्त से सख्त सजा दी जाए। उन्होंने कहा, मैं अनुरोध नहीं कर रहा हूं बल्कि चेतावनी दे रहा हूं। देश के तीसरे सबसे कम उम्र के सांसद होने का रुतबा प्राप्त प्रज्जवल ने 2019 में अपने दादा की हार से दुखी होकर उनके लिए इस्तीफा देने का ऐलान किया था। आज वही दादा प्रज्जवल के कारनामों से दुखी होकर चेतावनी देने को मजबूर हो गए। आहत देवेगौड़ा ने कहा कि इस तकलीफ व झटके से बाहर आने में काफी वक्त लगा। साथ इन गतिविधियों के विषय में ना मालूम होने की बात करते हुए उन्होंने बचाव की इच्छा न होने की बात भी की। उधर कर्नाटक सरकार ने विदेश मंत्रालय से रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की भी गुजारिश की है। जैसा कि रेवन्ना अपने खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के कुछ ही घंटों पहले उनके अश्लील वीडियो वायरल होते ही, देश छोड़ कर भाग गए थे। देश में आम चुनाव हो रहे हैं और रेवन्ना एनडीए के हासन से उम्मीदवार हैं। इसलिए विपक्ष द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। निःसंदेह देवगौड़ा की चेतावनी से समझा जा सकता है कि उन पर चौतरफा दबाव पड़ रहा होगा। सिलसिलेवार यौन शोषणों के आरोपों से पीढ़ियों की राजनीतिक विरासत को धूमिल करने वाले पोते के प्रति देवगौड़ा का क्षोभ समझा जा सकता है। वे देश के प्रधानमंत्री जैसे सम्मानित पद पर रहे हैं, उन्हें अहसास होगा कि इससे न सिर्फ उनके दल की बल्कि देश की छवि भी धूमिल हो रही है। सांसदों के चरित्र पर पहले भी कीचड़ उछलता रहा है। मगर इस मामले में पीड़ितों ने सामने आकर दोषी का नमा लेने जैसा दुष्साहस किया है। जांच में यह सही पाया जाता है तो जैसा कि देवगौड़ा ने कहा, आरोपी को कड़ी सजा देकर उदाहरण निश्चित करना होगा ताकि भविष्य में सार्वजनिक जीवन में रहने वाले ऐसे अपराधी न साबित हों।



चिंतन-मनन

सादगी और निष्ठा

मोतीहारी में गांधीजी कार्यकताओं को निर्देश दे रहे थे- आज अर्वंतिका आने वाली होगी, उसे स्टेशन से लिवा लाना और कमरे में ठहरा देना। एक ने कहा-बापू उसे इन साधारण कमरों में चटाई पर सोना क्यों पसंद होगा? वह तो पहले दरजे में सफर की आदी है। बापू ने कहा-वह जनसेवक के तौर पर आ रही है। जनसेवक के अनुरूप अगर तीसरे दरजे में आई तो उसे यहीं रखूंगा, वरना वापस भेज दूंगा। पर बापू .... दूसरे ने संकोच में कहा-उनके पास पैसा है, वह भी उन्हीं का कमाया हुआ।

उसे खर्च करने में क्या बुराई है? खर्च का मतलब अपव्यय तो नहीं। स्वयं सेवक गांधीजी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी के साथ आर्वंतिका बाई को लेने स्टेशन गए। देवदास ही अकेले उन्हें पहचानते थे। देवदास ने उम्मीद के मुताबिक उन्हें दूसरे दरजे के डिब्बों में खोजा, लेकिन कहीं पता न चला। तब वे निराश होकर वापस आ गए और खबर दी कि अर्वंतिका बाई इस गाड़ी से नहीं आईं। यह सुनकर सब लोग हंसने लगे। दरअसल अर्वंतिका अपने पति के साथ पहले ही एक साधारण कमरे में ठहर चुकी थीं। यात्रा उन्होंने तीसरे दर्जे में की थी और बापू की कसौटी पर खुद को खरा साबित किया।

शाम को गांधीजी उन्हें समझाने लगे- किस तरह बड़हखा गांव जाकर काम शुरू करना करना है। इस पर कस्तूरबा ने कहा- ये आज ही आए हैं और कल दीवाली है। दीवाली मनाकर जाएं। नहीं ऐसा नहीं होगा, इन्हें कल सुबह ही निकलना होगा। गांधीजी का स्वर तेज था। एक दिन में क्या हो जाएगा? जनसेवक को निठल्ले नहीं बैठना है। तभी अर्वंतिका बोलीं- बापू, आप मुझे यह बताएं कि बड़हखा के कायाकल्प के लिए मुझे क्या करना है। गांव की समस्याओं का तो वहीं जाकर अध्ययन करना होगा और गांव वालों का विश्वास जीतना होगा। और विश्वास जीतने के लिए क्या करना होगा? सादगी और निष्ठा का पालन ही तुम्हें विश्वस्त बनाएगा। जनसेवक की यही संपत्ति है। यह सुनकर आर्वंतिका बाई तैयारी में जुट गईं।

कितना जरुरी है जलवायु संकट का निदान

डॉ हिदायत अहमद खान

मानव जीवन के लिए जिस प्रकार से पंच तत्वों का उचित संयोजन आवश्यक होता है, ठीक उसी प्रकार से पृथ्वी के अस्तित्व के लिए तीन प्रमुख कारकों के संयोजन की महति आवश्यकता होती है। हमारे पृथ्वी ग्रह पर जीवन तीन कारकों के संयोजन से ही अस्तित्व में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है सूर्य से हमारी पृथ्वी की निश्चित दूरी, इसके बाद हमारे वायुमंडल की रासायनिक संरचना और अंत में जल चक्र की सुनिश्चित उपस्थिति आती है। इन तीन कारकों में से किसी भी एक कारक के न रहने या अधिकाधिक होने पर पृथ्वी पर मौजूद जीवन खतरे में पड़ सकता है। दरअसल ये तीनों कारक मिलकर हमारे ग्रह में एक ऐसी जलवायु के होने को सुनिश्चित करते हैं जो जीवन को बनाए रखने में सहायक सिद्ध होते हैं। इसके लिए वैज्ञानिक व शोध कताओं की मानें तो हमारी पृथ्वी पर ऐसी जलवायु होनी चाहिए जो प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव के कारण जीवन को बनाए रखने में उपयुक्त साबित हो । सामान्यतः देखा जाता है कि जब सूर्य की किरणें पृथ्वी की सतह पर आती हैं, तो उनका अवशोषण महज आंशिक होता है, जबकि अधिकांश किरणें तो बाहर की ओर ही परावर्तित हो जाती हैं। ऐसे में यदि वायुमंडल उपस्थित न हो तो वो अंतरिक्ष में बिखर जाएंगी। ये किरणें बिखरने की बजाय, वायुमंडल में मौजूद गैसों में फंस कर वापस पृथ्वी की ओर आती हैं। इनके प्रभाव के कारण ही इन्हें ग्रीनहाउस गैंसें कहा गया है। यह एकत्रित ऊष्मा सीधे सूर्य की किरणों से अवशोषित ऊष्मा में मिलती हैं। यहां यह बतलाना आवश्यक हो जाता है कि प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव के बिना, ग्रह पर औसत तापमान जो वर्तमान में करीब 15त्सें के वर्तमान औसत के बजाय -18त्सें के आसपास हो जाएगा। यह किसी के भी जीवन को नष्ट करने के लिए काफी होगा। इसलिए लंबे समय से विश्व के लिए जलवायु परिवर्तन संकट चिंता का विषय बना हुआ है।

सवाल यह है कि आखिर जलवायु परिवर्तन पृथ्वी में मानव जीवन के लिए चिंता का विषय क्यों बना हुआ है? ऐसा क्या कारण है जो हमारे जीवन के जोखिमों को बढ़ाने का काम कर रहा है और इसके निदान के लिए हमें प्रतिबद्ध करता है? यहां विचारणीय यह भी है कि जलवायु परिवर्तन कोई आज की घटना तो है नहीं, बल्कि पृथ्वी के अस्तित्व के इतिहास के साथ ही जलवायु परिवर्तन मौजूद नजर आता है। फिर आज इसे लेकर चिंता क्यों जताई जा रही है? असल में पिछले डेढ़ सौ साल में ग्लोबल वार्मिंग ने अपनी उपस्थिति जिस स्तर पर दर्ज कराई है, वह असामान्य घटना है। इसके लिए प्रकृति दोषी नहीं है, बल्कि यह तो मानव गतिविधियों का परिणाम है, जिसे लेकर दुनियां में हाय-तौबा की स्थिति निर्मित हुई है। विशेषज्ञों ने इसे ही मानवजनित ग्रीनहाउस प्रभाव करार दिया है, जो कि प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रभाव के अतिरिक्त है। इसके लिए औद्योगिक क्रांति को प्रमुख कारण माना जा सकता है, जिस कारण वायुमंडल में लाखों मीट्रिक टन कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को छोड़ा जा रहा है। एक शोध के अनुसार मानव जनित ग्रीनहाउस गैसों के कारण वायुमंडल में मौजूद सीओ2 की मात्रा पिछले 700 हजार वर्षों के न्यूनतम स्तर (410-415 भाग प्रति) की तुलना में दोगुनी हो गई है। एक तरफ औद्योगिक क्रांति तो दूसरी तरफ आधुनिक मानव जीवन शैली में उपयोग किए जाने वाले संसाधनों ने भी इसमें इजाफा ही किया है। इसके अलावा जीवाश्म ईंधन जलाने और वर्षावनों को बहुतायत में नष्ट किए जाने जैसी मानवीय भूलों से जलवायु और पृथ्वी के तापमान पर प्रभाव बुरी तरह पड़ा है। इससे ग्रीनहाउस प्रभाव और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। इसमें बढ़ोत्तरी करने के लिए कोयला, तेल और गैस की खपत को प्रमुख माना गया है, दरअसल ये ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रतिनिधित्व करने वाले कारकों में शामिल हैं। इसलिए बराबर सलाह दी जाती रही है कि वर्षा वनों की कटाई को रोका जाए और उनके क्षेत्रफल को बढ़ाया जाए। जिन संसाधनों में कोयला, लकड़ी, तेल और गैस का उपयोग ज्यादा होता हो, उन्हें नियंतत्रित किया जाए, ताकि जलवायु संकट को समय रहते रोका जा सके।

पृथ्वी को जलवायु संकट से बचाना उतना ही जरुरी है जितना कि खुद के जीवन को बचाना। मानव जीवन के फलसफे को मशहूर शायर पंडित ब्रज नारायण चकबस्त ने महज एक शेर में समझाते हुए कहा, ज़िन्दगी क्या है अनासिर में जुहूर-ए-तरतीब, मौत क्या है इन्हीं अज्जा का परीशां होना। अर्थात जीवन पांच तत्वों का सिलसिलेबार मिलन है, जबकि मृत्यु इन तत्वों के बिखर जाने का नाम है। बात साफ है कि जिन तत्वों से जीवन है, उन्हें सहेजना और उनकी मौजूदगी को उनकी प्रकृति अनुसार बनाए रखना भी हम मानव जाति की ही जिम्मेदारी है। इसके लिए जरुरी हो जाता है कि पृथ्वी को सीमेंट और कंक्रीट के जंगलों में तब्दील करने की बजाय प्रकृति प्रदत्त हरियाली से आच्छादित करें। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और जिससे ऊष्मा विसर्जित होती हो उन साधनों का कम से कम उपयोग करें। उद्योग और कल कारखाने जरुरी हैं, लेकिन इतने भी नहीं कि हम खुद अपनी धरती के लिए मौत का फरमान लिख दें। हमारी जीवन शैली भौतिक सुखों से परिपूर्ण हो, इसमें कोई गुरेज नहीं, लेकिन इतनी भी न हो कि हम खुद अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए मुसीबतें खड़ी कर दें। अंततः यह वक्त चिंता जाहिर करने और समाधान तलाशने से आगे बढ़कर पृथ्वी को बचाने की खातिर बहुत कुछ करने का है। पृथ्वी में उसकी अपनी हरियाली, जल और वायुमंडल उचित मात्रा में बना रहे, इस दिशा में आगे बढ़ें, ताकि जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रहे संकट से उबरा जा सके।

नतीजों से पहले नए यादवत्व की स्थापना



राकेश अचल

देश में 4 जून को आने वाले लोकसभा चुनाव परिणामों से पहले सत्तारूढ़ दल में नए प्रयोग तेजी से चल रहे है । सत्तारूढ़ दल हाल ही में संघ से छोड़-छुट्टी का ऐलान कर ही चुका है और अब लगता है कि भाजपा ने पार्टी की सरकारों में सबसे ज्यादा लोकप्रिय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकल्प के तौर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को नए यादव नेता के रूप में स्थापित करने की मुहिम शुरू कर दी है। भाजपा और उसके नेतृत्व वाला गठबंधन चाहे सरकार बना पाए या न बना पाए लेकिन अब उसे योगी जी किसी भी सूरत में बर्दाश्त होने वाले नहीं है।

पिछले दो महीने की गतिविधियों की समीक्षा के बाद ये तथ्य सामने आया है कि मोशा की जोड़ी 4 जून के बाद यदि सबसे पहले किसी के आभामंडल को कम करेगी तो वो होंगे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। योगी जी ने अपने तरीके से उत्तर प्रदेश को बनाया है और और प्रदेश में ही नहीं बल्कि दूसरे राज्यों में उनका कथित सुशासन मॉडल की तरह लोकप्रिय हो रहा है ,और यही मोशा की जोड़ी को बर्दाश्त नहीं। लोकसभा चुनावों के हर चरण में भाजपा प्रत्याशियों ने यदि मोशा के बाद किसी नेता की मांग की है तो वो नाम है योगी आदित्यनाथ का। अब नाथ मोशा के सबसे बड़े प्रतिद्वंदी बनकर उभरे हैं। पहले उनकी जगह केन्दीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम सबसे ऊपर लिया जाता था। जानकार बताते हैं कि चुनाव के पांचवें चरण के बाद जहाँ-जहाँ से योगी की मांग आयी,वहां-वहां मोशा की जोड़ी ने विकल्प के तौर पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को भेजा । खासतौर पर यादव बाहुल्य वाले राज्यों और चुनाव क्षेत्रों में। मोहन यादव हालाँकि अभी प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तरह आम जनता के मामा नहीं बन पाए हैं किन्तु भाजपा नेतृत्व उन्हें योगी के स्थान पर पार्टी का नया यादव नेता बनाने में जरूर रूचि ले रही है। डॉ मोहन यादव ने भी योगी की तरह प्रदेश में आल्पसख्यकों को हड़काना शुरूकर दिया है । हाल ही में उन्होंने प्रदेश के मुस्लिमों को चेतावनी दी है कि यदि किसी ने भी सड़कों पर नमाज पढ़ने की कोशिश की तो उसकी खैर नहीं। डॉ मोहन यादव को मुख्यमंत्री बने छह महीने से ज्यादा का समय हो गया है,लेकिन उनकी पहचान अभी तक मुख्यमंत्री के रूप में स्थापित नहीं हो पायी है ,लेकिन एक यादव नेता के रूप में स्थापित होने में उन्हें ज्यादा कामयाबी मिली है। मोशा की जोड़ी ने उन्हें अप्रत्याशित रूप से शिवराज सिंह चौहान की जगह मप्र का मुख्यमंत्री बनाया था ,जबकि राज्य विधानसभा का चुनाव चौहान के चेहरे और उनकी सरकार की उपलब्धियों के आधार पर ही लड़ा गया था । कहा जाता है कि शिवराज सिंह का कद एक मुख्यमंत्री के रूप में तो बड़ा हो ही चुका था लेकिन वे लोगों को [पार्टी के भीतर भी और बाहर भी] प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी का विकल्प लगने लगे थे ,इसलिए उन्हें राज्य सत्ता से बेदखल कर दिया गया । अब वे पहले की तरह मात्र एक लोकसभा सदस्य की हैसियत में रहेंगे । सरकार बनने पर जरूर उन्हें नरेंद्र सिंह तोमर के प्रदेश वापस आने से हुई रिक्त कुर्सी दी जा सकती है। चुनाव के छठवें चरण को पार कर चुकी भाजपा का नेतृत्व इस बात को लेकर बहुत सतर्क है की पार्टी में कोई भी चूहे से बिल्ली बनकर मोशे की जोड़ी की तरफ म्याऊं न करे। मोशा कोई जोड़ी ने चुन-चुनकर चूहे से बिल्ली बनने की कोशिश कर रहे तमाम नेताओं को कमजोर कर दिया है। चूहों को बिल्ली बनाने वाले आरएसएस से भी मोशा ने तर्के -ताल्लुक करने के संकेत दे दिए हैं। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के जरिये ये कहलाया जा चुका है कि भाजपा को अब संघ की जरूरत नहीं है। संघ अपनी बिल्ली को अपने ऊपर म्याऊं करते हुए देखकर खुद सन्निपात में हैं। संघ नेतृत्व को खुद ये आशंका है कि यदि 4 जून के बाद भाजपा फिर से बहुमत में आयी तो मोशा संघ को ही कहीं अपना चूहा न बना ले ! संघ की पशोपेश देखते ही बनती है। अब तक मिले संकेतों से लगता है कि भाजपा का सत्ता में बने रहना आसान नहीं है ,किन्तु मोदी है तो मुमकिन है के नारे के साथ भाजपा ईवीएम की मदद से सत्ता सिंहासन पहुंच भी सकती है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने ये चमत्कार कर-के दिखा भी दिया था। जब पूरा देश पांच में से तीन राज्यों में कांग्रेस की वापसी का राग अलाप रहा था तब भाजपा ने पांच में से चार पर अपना कब्जा बना लिया था। तमाम अटकलें गलत साबित हो गयीं थीं। मुमकिन है कि लोकसभा चुनाव में भी यही सब फिर से दोहराया जाये। आखिर भाजपा को 400 पर करना है। बहरहाल अभी सभी की नजर 25 मई को समाप्त हुए मतदान के छठवें चरण के बाद अंतिम चरण पर टिकी हुई है। अंतिम चरण में जिन राज्यों में मतदान होना है उन राज्यों की यादव बाहुल्य वाली सीटों पर मोशा मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रही है । योगी से भी ज्यादा महत्व मोहन जी को दिया जा रहा है । खुद योगी जी भी इस तब्दीली को महसूस कार रहे हैं। अब देखना ये होगा कि देश में अगला मॉडल गुजरात का चलेगा या उत्तर प्रदेश का? उत्तर प्रदेश का चलेगा या मध्यप्रदेश का ?आप भी इस तब्दीली पर नजर रखियर और बताइये की आपको या महसूस होता है ?

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

The lowdown on tall poll promises

POLLING began in Mumbai at 7 am on May 20. I was there at 6:55! I voted in 1952 and in all elections held thereafter. I have voted in the Lok Sabha, Maharashtra Assembly and the Mumbai municipal elections. I have never missed any chance to cast my vote as a concerned citizen, except when the call of duty pinned me down to Punjab and, later, Romania.I went with my neighbours, Satish Sahney and his wife Neelam, to the polling station, a five-minute walk from my home. I was happy with the arrangements for the aged, except for the lighting in the polling booth. To confuse voters, a person bearing the same name as one of the two leading candidates had been fielded. Since the symbol assigned to him resembled somewhat the one I wished to opt for, a brighter light was needed. At 95, the eyesight is not the same as it was even five years ago. However, I am not one to make a mistake.

Every vote is going to count in the current elections. The margins between the leading candidates in every constituency in Mumbai are bound to be slim. This is the unintended consequence of the coup carried out two years ago which led to the split of two major parties in my state — the Shiv Sena and Sharad Pawar's Nationalist Congress Party."If re-elected in the Lok Sabha polls, we will liberate Pakistan-occupied Kashmir (PoK)," declared Home Minister Amit Shah in one of his election meetings. His possible rival for the post of Prime Minister after Modi, Uttar Pradesh CM Yogi Adityanath, said at another poll meeting that "PoK will be in India six months into Modi's third term"!At yet another election meeting of the BJP, Assam CM Hemanta Biswa Sarma said he would "shut down places producing Mullahs" and "end four marriages", referring to the widely held but mistaken belief that every Muslim man has four wives! It will be easier for Sarma to fulfil his promise than for India to take back PoK from Pakistan, as the two aspiring Prime Ministers have announced. That exercise would involve war with a nuclear-powered neighbour which would certainly invoke Chinese help. Going to war is not the type of decision that can be taken at election meetings where tall promises are made to attract voters.Election promises, like poll manifestos, are closely scrutinised by rival parties and analysed and commented on. The Congress has offered to double the ration — presently,

5 kg of rice or wheat to each below-poverty-line (BPL) ration-card holder — that is now being distributed free of charge by the Modi government. Since more than half the population has been included in the BPL category (contradicting the government's statement that it has lifted millions from that category), the new Finance Minister is going to have her or his work cut out in case INDIA wins.But will INDIA win? I have my doubts. But it is true that this time the contest is much closer than it was in 2014 and 2019. The Enforcement Directorate (ED) has succeeded in putting many Opposition bigwigs in jail. It has also succeeded in nudging many other Opposition leaders to defect to the BJP lest they were pursued by the ED or the CBI. But fear of the probe agencies has also brought the Opposition parties together lest Modi achievd his dream of an Opposition-mukt polity.In the interregnum, Opposition parties are making their own tall promises that, if implemented, will spell disaster for the country's economy. Moreover, our country's citizens may get used not only to perpetual freebies but also to not working. No economy can sustain freebies for any length of time. Any government that is voted to office will necessarily have to equip our youth to undertake tasks that require different sets of skills, some manual but increasingly more service-oriented.Modi has repeatedly predicted that the INDIA bloc will disintegrate after the Lok Sabha elections. It is a warning that needs to be taken seriously by all concerned. It would be ideal if the polity is divided into two competing blocs — one right of centre, led by the BJP, and the other left of centre, led by the Congress, the Trinamool Congress and the Aam Aadmi Party.

India must seize the opportunity in the FDI domain

Countries like Vietnam and Indonesia have easier investment terms and many firms are preferring to shift there.

THE government that will assume office next month will inherit an economy that is fast moving towards full recovery after the ravages of the Covid-19 pandemic and the impact of geopolitical tensions. Over the past few months, multilateral institutions and global investment agencies have revised their growth estimates for India in the light of the latest economic data. The International Monetary Fund recently revised growth estimates for 2024-25 from 6.2 to 6.5 per cent. The United Nations has gone a step further and projected growth in 2024 to reach 6.9 per cent from the earlier estimate of 6.2 per cent. The driver of this higher growth is expected to be strong public investment and resilient private consumption.Fitch Ratings, Moody's and Goldman Sachs have made similar upward revisions and their expectations now range between 6.6 and 7 per cent for the current financial year.

The catalyst for these changes is the fact that most economic indicators are showing an upswing. Overall GDP growth in the third quarter of 2023-24 has touched a robust 8.4 per cent, following over 8 per cent growth in the earlier quarters. Similarly, the index of industrial production has risen by 5.8 per cent during 2023-24 compared to 5.2 per cent in the previous fiscal. The core sector industries have recorded 7.5 per cent growth over this period, while GST collections reached a record high of Rs 2.1 lakh crore in April this year.Inflation is also largely under control, though food prices continue to remain an area of concern. During April, retail inflation touched an 11-month low at 4.83 per cent, but food inflation has remained at the double-digit levels. The mid-year update of the UN's World Economic Situation and Prospects 2024 expects inflation to decelerate from 5.6 per cent in 2023 to 4.5 per cent in 2024, thus staying within the ambit of the central bank's range of 2 to 6 per cent.It is in this backdrop that developed economies like the US are finding investment in this country increasingly attractive. Significantly, India has found its mojo, as it were, at a time when the relations between the world's two economic superpowers — the US and China — are witnessing discontent. Analysts are expecting the East Asian giant to become more aggressive and yet more closed in its economic policies than ever before. At the same time, the Biden administration has begun to impose export controls aimed at China on sensitive high-technology products like semiconductors, along with their tools and personnel. This has more to do with security issues than any economic rationale as the curbs will likely hurt American industry. India's ban on TikTok for similar security reasons is now being viewed as a worthy precedent.

It is the US-China friction as well as the recognition during the pandemic that concentrating investments in a single location can be counter-productive that have spawned the China Plus One policy. India is being viewed as a 'friendly' developing country and multinationals are thus looking at it through a fresh lens. It has not hurt that tech giant Apple has taken a big leap by shifting its established infrastructure here from our northern neighbour. It has begun making its latest models in this country, while investments in new plants have risen exponentially in the southern states of Tamil Nadu, Karnataka and Andhra Pradesh.Some Western economists are describing the strategic shifts in the US-China relations as a decoupling that has now reached an inflection point. It is for the new government to seize this opportunity and ensure that the investment climate becomes easier for companies seeking to set up projects outside China.

In fact, improving the ease of doing business here will have to be one of the priority items on its agenda. Despite efforts made by the current regime to reduce regulatory tangles, bureaucratic red tape continues to bedevil foreign investors. In contrast, countries like Vietnam and Indonesia have easier investment terms and many companies are preferring to shift there. India will thus need to unravel much of its regulatory complexities especially at the level of state governments. Much streamlining has been done by the Centre, but several states continue to have onerous approval processes. This is one of the reasons that states in the south, for instance, tend to have a higher inflow of foreign investments.

The growing protectionism that had accompanied the Make in India initiative has also been a worry for investors. Average import tariffs have been gradually rising over the past few years. On the bright side, top industry ministry officials recently warned domestic industry to prepare for a lower tariff regime as the country looks to sign more free trade agreements (FTAs). Thus, it looks as if protective tariff walls may slowly shrink, which is all to the good.he drive to enter into FTAs also indicates greater flexibility in the approach towards market access. This has enabled the conclusion of FTAs with the UAE, Australia and Mauritius. The latest trade pact entered into with the European Free Trade Association has even taken an innovative approach involving a commitment of $100 billion of investments from the group. Similarly, FTAs with the European Union, the UK and Oman are currently under negotiation.The urgency of creating a conducive investment climate has grown as foreign direct investment (FDI) flows have dwindled in the past two years. One reason has been the slowdown in global transnational investment flows owing to geopolitical factors. Even so, concerted efforts must be made to reverse the trend and bring more FDI into the country.Though many issues are bound to be on the agenda of the new government, FDI has to rank high. A protectionist attitude must be shed and outdated regulatory processes reviewed so that setting up a business does not entail hundreds of approvals. A window of opportunity exists right now in the arena of foreign investments due to shifts in geoeconomic ties. It must be utilised rapidly or the country will lose out in the long run.

Reviewing Agnipath

Tweaks a must to allay fears over the scheme

REPEATEDLY described by the government as a game-changer and a force multiplier for the armed forces, the Agnipath scheme has been under intense scrutiny ever since it was rolled out in June 2022. The retention of only 25 per cent of the inductees after the completion of their four-year tenure has been a contentious point in military and political circles, with the Congress promising in its 2024 Lok Sabha election manifesto that it would scrap the scheme and revert to the old recruitment procedure that had been followed by the Army, Navy and the Air Force.

